व्याकरणवीथिः

माध्यमिकस्तरीय-संस्कृत-छात्राणां कृते

(कक्षा IX-X के लिए संस्कृत व्याकरण)

व्याकरणवीथिः

माध्यमिकस्तरीय-संस्कृत-छात्राणां कृते
(कक्षा IX-X के लिए संस्कृत व्याकरण)

सम्पादक
कृष्णचन्द्र त्रिपाठी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

प्रथम संस्करण
जुलाई 2003
आषाढ़ 1925
PD 5T DRH

ISBN 81-7450-213-0

एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशन विभाग के कार्यालय

एन.सी.ई.आर.टी. कैंपस श्री अरविंद मार्ग नई दिल्ली 110016	108, 100 फीट रोड, होस्डेकेरे हेली एक्सटेंशन बनाशंकरी III बैंगलूर 560085	नवजीवन ट्रस्ट भवन डाकघर नवजीवन अहमदाबाद 380014	सी.डब्लू.सी. कैंपस निकट : धनकल बस स्टॉप 24 परगना 700114

प्रकाशन सहयोग

संपादन : दयाराम हरितश
उत्पादन : डी.साईं प्रसाद
आवरण : बालकृष्ण

रु. 45.00

एन.सी.ई.आर.टी. वाटर मार्क 70 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित।

प्रकाशन विभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110016 द्वारा प्रकाशित तथा तरंग प्रिन्टर्स, बी–50, किशन कुंज एक्सटेंशन–II, लक्ष्मी नगर, दिल्ली 110 092 द्वारा मुद्रित।

पुरोवाक्

भारतस्य शिक्षाव्यवस्थायां संस्कृतस्य महत्त्वमुद्दिश्य विद्यालयेषु संस्कृत-शिंक्षणार्थम् आदर्शपाठ्यक्रम-पाठ्यपुस्तकादिसामग्रीविकासक्रमे राष्ट्रियशैक्षिकानुसन्धानप्रशिक्षणपरिषदः सामाजिक-विज्ञान-मानविकी-शिक्षाविभागेन षष्ठवर्गादारभ्य द्वादशकक्षापर्यन्तं राष्ट्रियपाठ्यचर्यानुरूपम् संस्कृतस्य आदर्शपाठ्यक्रमं निर्माय पाठ्यपुस्तकानि निर्मीयन्ते। अस्मिन्नेव क्रमे माध्यमिकस्तरीयच्छात्रणां संस्कृतव्याकरणसम्बन्धिकाठिन्यमपाकर्तुं द्वादशाध्यायेषु प्रस्तूयते व्याकरणवीथिः इति नाम पुस्तकम्। अत्र वर्णविचारसंज्ञासन्धि- शब्दधातुरूपोपसर्गाव्ययप्रत्ययसमासरचनाप्रयोगानां परिचयप्रदानेन सह छात्रेषु संस्कृतभाषाकौशलानां विकासोऽप्यस्माकं लक्ष्यम्। पुस्तकमिदं पठित्वा छात्राः संस्कृतस्य प्रयोगे दक्षाः भवेयुः एतदर्थमपि पुस्तकेऽस्मिन् प्रयत्नो विहितः।

पुस्तकस्यास्य प्रणयने आयोजितासु कार्यगोष्ठीषु आगत्य यैः विशेषज्ञैः अनुभविभिः संस्कृता-ध्यापकैश्च परामर्शादिकं दत्त्वा सहयोगः कृतः, तान् प्रति परिषदियं स्वकृतज्ञतां प्रकटयति। पुस्तकमिदं छात्राणां कृते उपयुक्ततरं विधातुं अनुभविनां विदुषां संस्कृत-शिक्षकाणां च सत्परामर्शाः सदैवास्माकं स्वागतार्हाः।

जगमोहनसिंहराजपूतः
निदेशकः
राष्ट्रियशैक्षिकानुसन्धानप्रशिक्षणपरिषदः

नवम्बर 2002
नवदेहली

भारत का संविधान

भाग 4क

नागरिकों के मूल कर्तव्य

अनुच्छेद 51क

मूल कर्तव्य – भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह -

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे,

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे,

(ग) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण बनाए रखे,

(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे,

(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभावों से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध हों,

(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे,

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे,

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे,

(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे, और

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करे, जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊंचाइयों को छू सके।

भूमिका

व्याकरणशास्त्र अनादिकाल से भारतीय चिन्तन का अनिवार्य अङ्ग रहा है। प्रातिशाख्य तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में, पदों में प्रयुक्त सन्धि, समास, आगम, लोप, वर्ण-विकार, प्रकृति तथा प्रत्ययों का विवेचन किया गया है। इस दृष्टि से निरुक्तकार यास्क का योगदान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इनके द्वारा की गयी नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात तथा क्रिया आदि की व्याख्या व्याकरण के परवर्ती आचार्यों (पाणिनि, कात्यायन तथा पतञ्जलि) के लिए भी उपयोगी रही है।

वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक संस्कृत भाषा में लिखित समस्त शास्त्रों के सम्यक् अध्ययन, मनन एवं चिन्तन के लिए व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है क्योंकि व्याकरण ही भाषा को शुद्ध, बनाकर उसका समुचित प्रयोग सिखाता है। व्याकरण शब्द (वि + आ + कृ + ल्युट्) से निष्पन्न है। **व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दाः अनेन** इति व्याकरणम् अर्थात् शब्दों की व्युत्पत्ति करने वाले, प्रकृति एवं प्रत्यय का निर्धारण करने वाले तथा उनके शुद्ध स्वरूप का विवेचन करने वाले शास्त्र को व्याकरणशास्त्र कहते हैं। अति प्राचीन काल से ही सभी शास्त्रों में व्याकरण का प्रमुख स्थान है– **मुखं व्याकरणं स्मृतम्।** संस्कृत भाषा में व्याकरणशास्त्र का जितना सूक्ष्म, तर्कपूर्ण एवं विस्तृत विवेचन हुआ है, उतना विश्व की किसी अन्य भाषा में नहीं हुआ है। वेदों के सम्यक् अध्ययन, उनके अर्थ-बोध तथा वेद-मंत्रों की व्याख्या के लिए वेदाङ्गों का ज्ञान अनिवार्य है। वेदाङ्ग 6 हैं –

शिक्षा व्याकरणं छन्दो निरुक्तं ज्योतिषं तथा।
कल्पश्चेति षडङ्गानि वेदस्याहुर्मनीषिणः॥

1. शिक्षा, 2. व्याकरण, 3. छन्द, 4. निरुक्त, 5. ज्योतिष, और 6. कल्प।

व्याकरण की सहायता से ही हम वेद, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, पुराण, रामायण, महाभारत आदि ग्रन्थों के साथ-साथ भास, कालिदास, माघ, श्रीहर्ष, भवभूति, बाण एवं जगन्नाथ प्रभृति विद्वानों की कृतियों का रसास्वादन करने में समर्थ होते हैं। संस्कृत वाङ्मय (वैदिक एवं लौकिक) की रक्षा करना व्याकरण का प्रथम प्रयोजन है जैसा कि महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य में कहा है – **रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजनम्।**

व्याकरण वह शक्ति प्रदान करता है, जिसके द्वारा सारे श्रुत और अश्रुत शब्दों का तथा पठित और अपठित वाङ्मय का रहस्य अल्पकाल में ही समझा जा सकता है। शब्दों का असन्दिग्ध ज्ञान व्याकरण से ही सम्भव है। धनवान् शब्द शुद्ध है या धनमान्, बुद्धिमती शब्द शुद्ध है या बुद्धिवती, इस प्रकार के सन्देह को वैयाकरण ही दूर कर सकता है क्योंकि वह जानता है कि अशुद्ध पद का प्रयोग अनिष्ट का कारण बन जाता है।

दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा, मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति, यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्॥

(पाणिनीय शिक्षा)

व्याकरणशास्त्र के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए किसी ने ठीक ही कहा है –

यद्यपि बहु नाधीषे तथापि पठ पुत्र व्याकरणम्।
स्वजनः श्वजनो माभूत् सकलः शकलः सकृच्छकृत्॥

संस्कृत व्याकरण की परम्परा

संस्कृत व्याकरण की परम्परा उतनी ही प्राचीन है जितनी वैदिक संहिता। तैत्तिरीय संहिता में उल्लेख है कि इन्द्र ने संस्कृत भाषा का प्रथम व्याकरण रचा। पतञ्जलि के महाभाष्य में सङ्केत मिलता है कि इन्द्र के पहले भी व्याकरणशास्त्र का अस्तित्व था। इन्द्र ने बृहस्पति से व्याकरण-विद्या का अध्ययन किया था।

बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदोक्तानां शब्दानां शब्दपारायणं प्रोवाच।

ऐन्द्र व्याकरण की अविच्छिन्न परम्परा का उल्लेख ऋक्तन्त्र में भी सुलभ है –

ब्रह्मा बृहस्पतये प्रोवाच्, बृहस्पतिरिन्द्राय, इन्द्रो भरद्वाजाय, भरद्वाज ऋषयो ब्राह्मणेभ्यः।

इससे प्रतीत होता है कि ऐन्द्र सम्प्रदाय व्याकरण का एक प्रसिद्ध सम्प्रदाय था। इसके समकक्ष व्याकरणशास्त्र का एक दूसरा माहेश्वर-सम्प्रदाय था, जिसके प्रवर्तक महेश्वर थे जिसकी सुदृढ़ आधारशिला पर पाणिनि ने व्याकरण के भव्य प्रासाद का निर्माण किया।

पाणिनि ने अष्टाध्यायी में आपिशलि, काशकृत्स्न, शाकल्य स्फोटायन एवं शाकटायन आदि दस वैयाकरणों का मात्र नामोल्लेख किया है। इन्होंने अपने से पूर्ववर्ती सभी वैयाकरणों के ग्राह्य-विचारों और विवेचनों से परिपूर्ण-तत्त्वों को अपने ग्रन्थ में अपनाया है।

पाणिनि का समय ई.पू. सप्तम और ई.पू. पञ्चम शताब्दी के मध्य माना जाता है। इस विषय में विद्वान मतैक्य नहीं हैं। ये उत्तर-पश्चिम भारत में स्थित शालातुर ग्राम के निवासी थे। इनकी माता का नाम दाक्षी था।

सर्वे सर्वपदादेशा दाक्षीपुत्रस्य पाणिनेः

(महाभाष्य)

ये उपवर्ष या वर्ष आचार्य के शिष्य थे। इनकी मृत्यु व्याघ्र या सिंह (**सिंहो व्याघ्रो व्याकरणस्य कर्तुरहरत् प्राणान् प्रियान् पाणिनेः**-पञ्चतन्त्र) के आक्रमण द्वारा त्रयोदशी तिथि को हुई थी। ऐसा माना जाता है कि पाणिनि की तपस्या से प्रसन्न होकर महेश्वर ने चौदह माहेश्वर सूत्रों का उपदेश दिया। उन्हीं के आधार पर इन्होंने अत्यन्त संक्षिप्त सूत्र शैली में सुदृढ़ व्याकरण लिखा। यह आठ अध्यायों में विभाजित है। अतः इसका नाम अष्टाध्यायी है। प्रत्येक अध्याय में चार-चार पाद हैं। प्रत्येक पाद में सूत्र हैं। सम्पूर्ण ग्रन्थ में लगभग चार हजार सूत्र हैं। समस्त सूत्र अध्याय, पाद और सूत्राङ्गों में विभक्त हैं। प्रथम अध्याय में व्याकरण सम्बन्धी संज्ञाओं तथा परिभाषाओं का विवेचन है। द्वितीय अध्याय में समास और कारक के नियम हैं। तृतीय और अष्टम अध्याय में कृदन्त प्रकरण है। चतुर्थ तथा पञ्चम अध्याय में स्त्री प्रत्यय और तद्धित का विवेचन है। षष्ठ तथा सप्तम अध्याय में सन्धि, आदेश और स्वर-प्रक्रिया से सम्बन्धित सूत्र है।

द्वितीय वैयाकरण **कात्यायन** हैं, जिन्हें **वररुचि** भी कहा जाता है। इनका समय 400 ई.पू. से 300 ई. पू. के मध्य माना जाता है। ये दाक्षिणात्य थे। इन्होंने पाणिनि द्वारा रचित लगभग 1250 सूत्रों की आलोचनात्मक व्याख्या की है, जो **वार्तिक** के नाम से प्रसिद्ध है। वार्तिकों की संख्या प्रायः चार हजार हैं।

पाणिनि की व्याकरण-परम्परा का परिवर्तन एवं परिवर्धन करने वाले महान् वैयाकरण **पतञ्जलि** हैं। इनका समय ई.पू. दूसरी शताब्दी है। इनका प्रसिद्ध ग्रन्थ **महाभाष्य** है। कात्यायन के वार्तिकों की प्रश्नोत्तर-शैली में समीक्षा करते हुए **पतञ्जलि** ने **अष्टाध्यायी** पर भाष्य लिखा है। **अष्टाध्यायी** के अध्याय, पाद और सूत्रक्रम में ही **पतञ्जलि** ने अपने भाष्य का क्रम रखा है। इसका विभाजन **आह्निकों** में है। प्रथम **पस्पशाह्निक** में व्याकरण की आवश्यकता आदि विषयों पर महत्त्वपूर्ण विवेचन है। वार्तिकों की समीक्षा, तथा शङ्काओं के समाधान के साथ ही साथ उपयोगी वार्तिकों को सहर्ष स्वीकार तथा अनुपयुक्त आलोचनाओं का खण्डन किया है। इस ग्रन्थ में तत्कालीन सामाजिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, भौगोलिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रवृत्तियों का प्रचुर एवं मनोरम परिचय प्राप्त होता है। महाभाष्य पर **कैयट** की **प्रदीप** और **नागेश** की **उद्योत** टीकाएँ प्रसिद्ध हैं। व्याकरणशास्त्र में **पाणिनि, कात्यायन** और **पतञ्जलि** को त्रिमुनि (**मुनित्रय**) संज्ञा से अभिहित किया गया है।

काशिका और न्यास

पाणिनि, कात्यायन और पतञ्जलि के पश्चात् नियमों को बोधगम्य बनाने के लिए विविध टीका-ग्रन्थों का युग प्रारम्भ हुआ। इसी क्रम में सातवीं ईसवीं में **जयादित्य** और **वामन** ने **अष्टाध्यायी** पर एक टीका लिखी, जो **काशिका वृत्ति** के नाम से प्रसिद्ध है। काशिका पर **जिनेन्द्र बुद्धि** ने **न्यास** और **हरदत्त** ने **पदमञ्जरी** नामक उपटीकाएँ लिखीं।

प्रक्रिया ग्रन्थ

टीकाओं और उपटीकाओं के बाद पाणिनीय सूत्रों की नवीन पद्धति की ओर वैयाकरणों का ध्यान आकर्षित हुआ। **धर्मकीर्ति** ने **रूपावतार** ग्रन्थ लिखा, जिसमें अष्टाध्यायी के सूत्रों को विभिन्न प्रकरणों में विभक्त कर सम्पादित किया गया है। सन् 1350 ई. में विमल सरस्वती ने **रूपमाला** और 1400 ई. में पं. रामचन्द्र ने **प्रक्रिया कौमुदी** नामक ग्रन्थ की रचना की। 1630 ई. के लगभग भट्टोजी दीक्षित ने **सिद्धान्त कौमुदी** की रचना की। इस पर स्वयं भट्टोजी दीक्षित ने **प्रौढ़मनोरमा** नाम की टीका लिखी। पण्डितराज जगन्नाथ ने **मनोरमा कुचमर्दिनी** नाम से व्याख्या प्रस्तुत की है। सिद्धान्त कौमुदी पर नागेशभट्ट ने **लघुशब्देन्दुशेखर** नामक प्रौढ़ ग्रन्थ लिखा। सिद्धान्त कौमुदी की दो अन्य प्रसिद्ध टीकाएं – **तत्त्वबोधिनी** और **बालमनोरमा** है। आचार्य वरदराज ने सिद्धान्तकौमुदी को संक्षिप्त करते हुए **लघुसिद्धान्तकौमुदी** एवं **मध्यसिद्धान्तकौमुदी** की रचना की, जो व्याकरण के प्रारम्भिक छात्रों के लिए अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थ हैं।

उपर्युक्त समस्त ग्रन्थ प्राय: व्याकरण के व्युत्पत्ति पक्ष को लक्ष्य में रखकर लिखे गए हैं। व्याकरण के दार्शनिक पक्ष को लेकर लिखे गए ग्रन्थों में-भर्तृहरि का **वाक्यपदीय**, कौण्डभट्ट का **वैयाकरणभूषण** एवं **वैयाकरणभूषणसार** तथा नागेशभट्ट की **लघुमञ्जूषा** और **स्फोटवाद**–प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं।

विद्यालयी शिक्षा की रूपरेखा – 2000 के आलोक में माध्यमिक स्तर के लिए निर्धारित संस्कृत पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर यह **व्याकरणवीथि:** पुस्तक तैयार की गई है। इसमें 12 अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में **वर्ण विचार**, द्वितीय में **संज्ञा एवं परिभाषा प्रकरण**, तृतीय में **सन्धि**, चतुर्थ में **शब्द रूप** (सामान्य परिचय), पंचम में **धातु रूप** (सामान्य परिचय), षष्ठ में **उपसर्ग**, सप्तम में **अव्यय**, अष्टम में **प्रत्यय**, नवम में **समास परिचय**, दशम में **कारक** और **विभक्ति** तथा एकादश अध्याय में **वाच्य परिवर्तन** पर उपयोगी सामग्री दी गई है। इसके द्वादश अध्याय में **रचना प्रयोग** (संस्कृत में पत्र, अपठित अनुच्छेदों पर संस्कृत में प्रश्नोत्तर, अनुच्छेद लेखन तथा लघु निबंध) दिए गए हैं। पुस्तक के परिशिष्ट भाग में **शब्दरूपावली** (अजन्त, हलन्त, सर्वनाम तथा संख्यावाची शब्द) एवं **धातु रूपावली** गणों के अनुसार

पर्याप्त मात्रा में दी गई है जिससे छात्रों को शब्दरूप तथा धातु रूप सम्बन्धी समस्या के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। इस तरह इस पुस्तक में संस्कृत व्याक़रण के आधारभूत नियमों का परिचय देते हुए उपयोगी अभ्यासचारिका द्वारा छात्रों के व्याकरण ज्ञान को सुदृढ़ करने का प्रयत्न किया गया है।

आशा है कि यह पुस्तक माध्यमिक स्तर के छात्रों की संस्कृत व्याकरण सम्बन्धी कठिनाइयों का समाधान करने में सफल होगी।

सम्पादक

पाण्डुलिपि-समीक्षा-संशोधन कार्यगोष्ठी के सदस्य

योगेश्वर दत्त शर्मा
रीडर, (सेवानिवृत्त) संस्कृत हिन्दू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली

यदुनाथ प्रसाद दुबे
अध्यक्ष, संस्कृत विभाग
भवन्स मेहता कालेज
भरवारी, कौशाम्बी, उत्तर प्रदेश

पतञ्जलि कुमार भाटिया
रीडर, संस्कृत
पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज
नेहरू नगर, नई दिल्ली

राजेश्वर मिश्र
रीडर, संस्कृत विभाग
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
कुरुक्षेत्र, हरियाणा

हरिराम मिश्र
असिस्टैंट प्रोफेसर, संस्कृत
स्पेशल सेंटर फॉर संस्कृत स्टडीज, जे.एन.यू., नई दिल्ली

रामनाथ झा
असिस्टैंट प्रोफेसर, संस्कृत
स्पेशल सेंटर फॉर संस्कृत स्टडीज, जे.एन.यू., नई दिल्ली

श्रीमती सन्तोष कोहली
उपप्रधानाचार्या (सेवानिवृत्त)
सर्वोदय विद्यालय
कैलाश एन्क्लेव, रोहिणी, दिल्ली

श्रीमती सत्या महे
पी.जी.टी., संस्कृत
रा.क.व.मा. विद्यालय
शकरपुर नं. 1, दिल्ली

सुगन्ध पाण्डेय
टी.जी.टी., संस्कृत
केन्द्रीय विद्यालय
बी.एच.ई.एल. कैम्पस, हरिद्वार, उत्तरांचल

पुरुषोत्तम मिश्र
टी.जी.टी., संस्कृत
राजकीय उच्चतर माध्यमिक बाल विद्यालय, जहाँगीर पुरी, दिल्ली

श्रीमती लता अरोरा
टी.जी.टी., संस्कृत
केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर-IV
आर.के.पुरम, नई दिल्ली

श्रीमती आभा झा
टी.जी.टी., संस्कृत
सर्वोदय बाल उ.मा. विद्यालय
जे-ब्लाक, साकेत
नई दिल्ली

रामप्रकाश शर्मा
टी.जी.टी., संस्कृत
केन्द्रीय विद्यालय
एयरफोर्स स्टेशन, बवाना, दिल्ली

श्रीमती आशालता चौधरी
टी.जी.टी. संस्कृत
मदर इन्टरनेशनल स्कूल
नई दिल्ली

राजेन्द्र पाण्डेय
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान
कैलाश कालोनी, नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् संकाय

कमलाकान्त मिश्र
प्रोफेसर, संस्कृत

श्रीमती उर्मिल खुंगर
सिलेक्शन ग्रेड लेक्चरर (सेवानिवृत्त)
संस्कृत

कृष्णचन्द्र त्रिपाठी (**संयोजक**)
रीडर, संस्कृत

गांधी जी का जंतर

तुम्हें एक जंतर देता हूँ। जब भी तुम्हें संदेह हो या तुम्हारा अहम् तुम पर हावी होने लगे, तो यह कसौटी आज़माओ :

जो सबसे गरीब और कमज़ोर आदमी तुमने देखा हो, उसकी शक्ल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगा। क्या उससे उसे कुछ लाभ पहुँचेगा? क्या उससे वह अपने ही जीवन और भाग्य पर कुछ काबू रख सकेगा? यानी क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा, जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है?

तब तुम देखोगे कि तुम्हारा संदेह मिट रहा है और अहम् समाप्त होता जा रहा है।

मो. क. गांधी

विषयानुक्रमणिका

परिशिष्ट

वर्णविचार

भाषा की सबसे छोटी इकाई को वर्ण कहते हैं। पाणिनि ने वर्णमाला को 14 सूत्रों में प्रस्तुत किया है। इन सूत्रों को **माहेश्वर सूत्र** कहते हैं।

(1) **अइउण्** (अ, इ, उ)

(2) **ऋलृक्** (ऋ, लृ)

(3) **एओङ्** (ए, ओ)

(4) **ऐऔच्** (ऐ, औ)

(5) **हयवरट्** (ह्,य्,व्,र्)

(6) **लण्** (ल्)

(7) **ञमङणनम्** (ञ्,म्,ङ्,ण्,न्)

(8) **झभञ्** (झ्, भ्)

(9) **घढधष्** (घ्, ढ्, ध्)

(10) **जबगडदश्** (ज्, ब्, ग्,ड्,द्)

(11) **खफछठथचटतव्** (ख्,फ्,छ्,ठ्,थ्,च्,ट्,त्)

(12) **कपय्** (क्,प्)

(13) **शषसर्** (श्,ष्,स्)

(14) **हल्** (ह्)

प्रत्येक सूत्र के अन्त में हल् वर्ण का प्रयोग प्रत्याहार बनाने के उद्देश्य से किया गया है। (जैसे **अइउण्** में 'ण्' हल् वर्ण है।) इन्हें प्रत्याहारों के अन्तर्गत आने वाले वर्णों के साथ सम्मिलित नहीं किया जाता।

प्रत्याहार : माहेश्वर सूत्रों के आधार पर विभिन्न प्रत्याहारों का निर्माण किया जा सकता है। प्रत्याहार दो वर्णों से बनता है, जैसे – अच्, इक्, यण्, अल्, हल् इत्यादि। इन प्रत्याहारों में आदि वर्ण से लेकर अन्तिम वर्ण के मध्य आने वाले सभी वर्णों की गणना की जाती है। प्रत्याहार के अन्तर्गत आदि वर्ण तो परिगणित होता है किन्तु अन्तिम वर्ण को छोड़ दिया जाता है। समझने के लिए कुछ प्रत्याहार आगे दिए जा रहे हैं –

यथा – **अच्**, = अ, इ, उ, ऋ, लृ ए, ओ, ऐ, औ। यहाँ प्रत्याहार के आदि वर्ण **'अ'** का परिगणन किया गया है तथा अन्तिम वर्ण **'च्'** को छोड़ दिया गया है।

(क) **हल्** (5वें सूत्र के प्रथम वर्ण 'ह्' से लेकर 14वें सूत्र के अन्तिम वर्ण 'ल्' के मध्य आने वाले सभी वर्ण)

ह्, य्, व्, र्, ल्, ञ्, म्, ङ्, ण्, न्, झ्, भ्, घ्, ढ्, ध्, ज्, ब्, ग्, ड्, द्, ख्, फ्, छ्, ठ्, थ्, च्, ट्, त्, क्, प्, श्, ष्, तथा स्।

(ख) **इक्** (प्रथम सूत्र के द्वितीय वर्ण **'इ'** से लेकर द्वितीय सूत्र के अन्तिम वर्ण 'क्' के मध्य आने वाले सभी वर्ण) इ, उ, ऋ तथा लृ।

(ग) **अक्** (प्रथम सूत्र के प्रथम वर्ण **'अ'** से लेकर द्वितीय सूत्र के अन्तिम वर्ण **'क्'** के मध्य आने वाले सभी वर्ण) अ, इ, उ, ऋ तथा लृ।

(घ) **झल्** (अष्टम सूत्र के प्रथम वर्ण 'झ' से लेकर 14वें सूत्र के अन्तिम वर्ण ल् के मध्य आने वाले सभी वर्ण)

झ्, भ्, घ्, ढ्, ध्, ज्, ब्, ग्, ड्, द्, ख्, फ्, छ्, ठ्, थ्, च्, ट्, त्, क्, प्, श्, ष्, स्, तथा ह्।

(ङ) **यण्** (पञ्चम सूत्र के द्वितीय वर्ण 'य' से लेकर षष्ठ सूत्र के अन्तिम वर्ण 'ण्' के मध्य आने वाले सभी वर्ण) य्, व्, र्, तथा ल्।

- सन्धि आदि के नियमों को समझने के लिए प्रत्याहार अत्यन्त आवश्यक हैं।

- वर्ण दो प्रकार के होते हैं – स्वर तथा व्यञ्जन।

स्वर (अच्) जो (वर्ण) किसी अन्य (वर्ण) की सहायता के बिना ही बोले जाते हैं उन्हें स्वर कहते हैं।

स्वर के तीन भेद होते हैं – ह्रस्व, दीर्घ तथा प्लुत

(i) **ह्रस्व स्वर** – जिस स्वर के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगे उसको ह्रस्व स्वर कहते हैं। ये संख्या में पाँच हैं – अ, इ, उ, ऋ तथा लृ। इन्हें मूल स्वर भी कहते हैं।

(ii) **दीर्घ स्वर** – जिस स्वर के उच्चारण में दो मात्राओं का समय लगे उसे **दीर्घ स्वर** कहते हैं। इनकी संख्या आठ है – आ, ई, ऊ, ॠ, ए, ऐ, ओ तथा औ। अन्तिम चार वर्णों को संयुक्त वर्ण (स्वर) भी कहते हैं क्योंकि ए, ऐ, ओ तथा औ दो स्वरों के मेल से बने हैं –

उदाहरणम् –

अ+इ=ए   अ+ए=ऐ   अ+उ=ओ   अ+ओ=औ

(iii) **प्लुत स्वर** – जिस स्वर के उच्चारण में तीन या उससे अधिक मात्राओं का समय लगे उसे **प्लुत** कहते हैं। जब किसी व्यक्ति को दूर से पुकारते हैं तब सम्बोधन पद के अन्तिम वर्ण को दीर्घ स्वर से भी अधिक मात्रा का समय लगाकर बोलते हैं। उसे ही प्लुत स्वर कहते हैं।

अनुनासिक – जिस स्वर के उच्चारण में नासिका की सहायता ली जाती है उसे अनुनासिक स्वर कहते हैं, यथा – **अँ, एँ** ।

व्यञ्जन (हल्)

जिन वर्णों का उच्चारण स्वर वर्णों की सहायता के बिना नहीं किया जा सकता उन्हें व्यञ्जन या हल् कहते हैं। स्वर रहित व्यञ्जन को लिखने के लिए वर्ण के नीचे **हल् चिह्न** (्) लगाते हैं। सम्पूर्ण व्यञ्जन निम्न तालिका में दर्शाए गए हैं –

उदाहरणम् –

क् ख् ग् घ् ङ्	क वर्ग
च् छ् ज् झ् ञ्	च वर्ग
ट् ठ् ड् ढ् ण्	ट वर्ग
त् थ् द् ध् न्	त वर्ग
प् फ् ब् भ् म्	प वर्ग
य् र् ल् व्	(अन्त:स्थ)
श् ष् स् ह्	(ऊष्म)

1. **स्पर्श (Plossive)** उपर्युक्त 'क्' से 'म्' तक के 25 वर्णों को स्पर्श कहते हैं । इनके उच्चारण के समय जिह्वा मुख के विभिन्न स्थानों का स्पर्श करती है। प्रत्येक वर्ग के अन्तिम वर्ण – ङ्, ञ्, ण्, न् और म् को अनुनासिक भी कहा जाता है।

2. **अन्तःस्थ (Semi-vowels)** य्, र्, ल् और व् वर्णों को अन्तःस्थ कहते हैं क्योंकि इनकी गणना स्पर्श एवं ऊष्म वर्णों के मध्य की गई है। इन्हें अर्धस्वर भी कहते हैं ।

अनुस्वार – इसका उच्चारण संस्कृत में 'न्' या 'म्' की तरह होता है। इसे 'न्' या 'म्' के स्थान पर चिह्न (ं) द्वारा लिखा जाता है, यथा — अहम्-अहं

(i) **विसर्ग (:)** – संस्कृत में इसका प्रयोग स्वर के बाद होता है। इसका उच्चारण किञ्चित् ह् के सदृश किया जाता है; यथा – रामः, देवः, गुरुः।

(ii) **संयुक्त व्यञ्जन** – दो व्यञ्जनों के संयोग से बने वर्ण को संयुक्त व्यञ्जन कहते हैं।

उदाहरणम् –

क् + ष् = क्ष्

त् + र् = त्र्

ज् + ञ् = ज्ञ्

उच्चारण स्थान

कण्ठ, तालु, मूर्धा, दन्त, ओष्ठ एवं नासिका को उच्चारण स्थान कहते हैं। वर्णों का उच्चारण करने के लिए फेफड़े से निकली निःश्वासवायु इन स्थानों का स्पर्श करती है। कुछ वर्णों का उच्चारण एक साथ दो स्थानों से भी होता है। वर्णों के उच्चारण स्थानों को अग्रिम तालिका से समझा जा सकता है –

स्थान	स्वर	व्यञ्जन				
		स्पर्श	अन्तस्थ	ऊष्म	अयोगवाह	संज्ञा
कण्ठ	अ,आ	क्,ख्,ग्,घ्,ङ्		ह्		कण्ठ्य
तालु	इ,ई	च्,छ्,ज्,झ्,ञ्	य्	श्		तालव्य
मूर्धा	ऋ,ॠ	ट्,ठ्,ड्,ढ्,ण्	र्	ष्		मूर्धन्य
दन्त	लृ	त्,थ्,द्,ध्,न्,	ल्	स्		दन्त्य
ओष्ठ	उ,ऊ	प्,फ्,ब्,भ्,म्			=	ओष्ठ्य
नासिका		ङ्,ञ्,ण्,न्,म्				नासिक्य
कण्ठतालु	ए, ऐ					कण्ठतालव्य
कण्ठोष्ठ	ओ,औ					कण्ठोष्ठ्य
दन्तोष्ठ			व्			दन्तोष्ठ्य

प्रयत्न

फेफड़े से निकली निःश्वास वायु को मुख, नासिका तथा कण्ठ आदि स्थानों से स्पर्श कराते हुए मनुष्य द्वारा अभीष्ट वर्णों के उच्चारणार्थ किए गए यत्न को प्रयत्न कहते हैं। प्रयत्न के दो भेद होते हैं आभ्यन्तर तथा बाह्य। वर्णों के उच्चारण काल में मुख के अन्दर मनुष्य की चेष्टापरक क्रिया को आभ्यन्तर प्रयत्न कहते हैं। इसके पाँच भेद हैं –

स्पृष्ट – वर्णों के उच्चारण काल में जब जिह्वा द्वारा मुख के अन्दर के स्थानों का स्पर्श किया जाता है तो जिह्वा के इस प्रयत्न को स्पृष्ट प्रयत्न कहते हैं। 'क्' से 'म्' तक सभी व्यञ्जन 'स्पृष्ट' प्रयत्न से उच्चरित होते हैं।

ईषत् स्पृष्ट – वर्णों के उच्चारण काल में जब जिह्वा द्वारा उच्चारण स्थान या स्थानों का थोड़ा ही स्पर्श किया जाता है तो जिह्वा के इस प्रयत्न को ईषत् स्पृष्ट कहते हैं। य्, र्, ल्, तथा व्, ईषत् स्पृष्ट प्रयत्न से उच्चरित होते हैं।

विवृत – वर्ण विशेष के उच्चारण काल में जब मुख-विवर खुला रहता है तो मुख के इस यत्न को विवृत कहते हैं। सभी स्वर 'विवृत' प्रयत्न से उच्चरित होते हैं।

ईषत् विवृत – वर्णों के उच्चारण काल में जब मुख-विवर थोड़ा खुला रहता है तो मुख के इस प्रयत्न को ईषत् विवृत कहते हैं। श्, ष्, स्, ह् ईषत् विवृत प्रयत्न से उच्चरित होते हैं।

संवृत – वर्णों के उच्चारण काल में फेफड़े से निकलने वाले निश्वास का मार्ग जब बन्द रहता है तब इसे संवृत कहते हैं। इसका प्रयोग केवल ह्रस्व **'अ'** के उच्चारण में होता है।

बाह्य प्रयत्न – वर्णों के उच्चारण का वह यत्न जो फेफड़े से कण्ठ तक होता है उसे बाह्य प्रयत्न कहते हैं। इसके ग्यारह भेद हैं –

विवार, संवार, श्वास, नाद, घोष, अघोष, अल्पप्राण, महाप्राण, उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित। बाह्य प्रयत्नों के आधार पर वर्णों का विभाजन निम्न तालिका से समझा जा सकता है–

विवार, श्वास, अघोष	संवार, नाद, घोष	अल्पप्राण	महाप्राण	उदात्त अनुदात्त, स्वरित
वर्गों के प्रथम द्वितीय वर्ण एवं श्, ष्, स्	वर्गों के तृतीय, चतुर्थ, पंचम वर्ण, अन्तःस्थ एवं ह्	वर्गों के प्रथम तृतीय, पंचम वर्ण एवं अन्तःस्थ	वर्गों के द्वितीय चतुर्थ वर्ण एवं ऊष्म	स्वरों के प्रकार

अभ्यासकार्यम्

1. **अधोलिखितेषु प्रत्याहारेषु पठितान् वर्णान् लिखत –**

(i) इक् .... (iv) हश् ....

(ii) जश् .... (v) अट् ....

(iii) ऐच् .... (vi) झश् ....

2. **अधोलिखितानां वर्णानाम् उच्चारणस्थानं लिखत –**

(i) कवर्ग (क्, ख्, ग्, घ्, ङ्)
(ii) टवर्ग (ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्)
(iii) पवर्ग (प्, फ्, ब्, भ्, म्)
(iv) इ, च्, य्, श्

3. **उदाहरणमनुसृत्य वर्णान् पृथक् कृत्वा लिखत –**

यथा – गजः - ग् + अ + ज् + अ + :

(i) कमलम्
(ii) भोजनम्
(iii) गच्छति
(iv) अनुपतति
(v) रावणः

4. **उदाहरणमनुसृत्य वर्णानाम् संयोजनं कुरुत –**

यथा — अ + ह् + अ + म् = अहम्

(i) प् + उ + स् + त् + अ + क् + आ + न् + इ
(ii) प् + अ + ठ् + इ + ष् + य् + आ + म् + इ
(iii) ग् + ऋ + ह् + अ + म्
(iv) श् + ओ + भ् + अ + न् + अ् + म्
(v) भ् + अ + व् + इ + त् + अ + व् + य् + अ + म्

5. **संयुक्तवर्णान् पृथक्कृत्वा पूरयत –**

(i) क्ष – क् + – + –
(ii) त्र – – + र् + –
(iii) श्र – – + – + अ
(iv) ज्ञ – ज् + – + –
(v) ए – अ + –
(vi) ओ – – + उ

द्वितीय अध्याय

संज्ञा एवं परिभाषा प्रकरण

व्यावहारिक सुविधा के लिए प्रत्येक व्यक्ति या पदार्थ को किसी न किसी **नाम** से अभिहित किया जाता है। इसी **नाम** को **संज्ञा** भी कहते हैं। व्याकरणशास्त्र में संज्ञाओं एवं परिभाषाओं का बहुत महत्त्व होता है। संज्ञाओं एवं परिभाषाओं को समझने से व्याकरण-प्रक्रिया को समझने में सहायता मिलती है। कुछ संज्ञाएं एवं परिभाषाएं नीचे दी जा रही हैं –

1. आगम

किसी वर्ण के साथ जब दूसरा वर्ण मित्रवत् पास आकर बैठकर उससे संयुक्त हो जाता है तब वह आगम कहलाता है – **मित्रवदागमः**, जैसे वृक्ष + छाया = वृक्षच्छाया। यहाँ वृक्ष के 'अ' एवं छाया के 'छ' के मध्य में 'च्' का आगम हुआ है।

2. आदेश

किसी वर्ण को हटाकर जब कोई दूसरा वर्ण उसके स्थान पर शत्रु की भाँति आ बैठता है तो वह आदेश कहलाता है – **शत्रुवदादेशः**, जैसे यदि + अपि = यद्यपि, यहाँ 'इ' के स्थान पर 'य्' आदेश हुआ है।

3. उपधा

किसी शब्द के अन्तिम वर्ण से पूर्व (वर्ण) को **उपधा** कहते हैं जैसे चिन्त् में 'त्' अंतिम वर्ण है उससे पूर्व वर्ण 'न्' उपधा है। (**अन्त्यादलः पूर्वो वर्णः उपधा**) जैसे महत् में अन्तिम वर्ण 'त्' से पूर्ववर्ती 'ह' में विद्यमान 'अ' उपधा संज्ञक है।

4. उपचार

विसर्ग के स्थान में श्, ष्, स् का प्रयोग **उपचार** कहलाता है।

5. पद

संज्ञा के साथ सु, औ, जस्, (अ:) आदि विभक्तियाँ तथा धातुओं के साथ ति, तस्, (त:) अन्ति, आदि के जुड़ने से शब्दों की पद संज्ञा होती है, **सुप् तिङन्तं पदम्** यथा – रामः, रामौ, रामाः तथा भवति, भवतः, भवन्ति। केवल पठ्, नम्, वद् तथा राम इत्यादि को पद नहीं कह सकते। जिसकी पद संज्ञा नहीं होती व्याकरण के अनुसार उसका वाक्य में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। (अपदं न प्रयुञ्जीत)

6. निष्ठा

क्त (त) और क्तवतु (तवत्) प्रत्ययों को **निष्ठा** कहते हैं, **क्तक्तवतू निष्ठा**। इनके योग से भूतकालिक क्रियापदों का निर्माण किया जाता है, जैसे – गतः, गतवान्।

7. विकरण

धातु और तिङन्त प्रत्ययों के बीच में आने वाले शप्, (अ) श्यन्, (य) श्नु, (नु) आदि प्रत्यय **विकरण** कहलाते हैं, यथा – भवति में भू + ति के मध्य में 'शप्' हुआ है (भू + अ + ति)। विकरण भेद से ही धातुएँ दस विभिन्न गणों में विभक्त होती हैं।

8. संयोग

स्वर रहित व्यंजनों की अत्यन्त समीपता को **संयोग** कहते हैं, जैसे – उष्ण में 'ष्' तथा 'ण' व्यञ्जनों का संयोग है (हलोऽनन्तराः संयोगः)।

9. संहिता

वर्णों के अत्यन्त सामीप्य को **संहिता** कहते हैं। (पर : सन्निकर्षः संहिता) वर्णों की संहिता की स्थिति में ही सन्धिकार्य होते हैं, जैसे – वाक् + ईशः में 'क्' + 'ई' में संहिता (अत्यन्त समीपता) के कारण सन्धि कार्य करने से 'वागीशः' पद बना है।

10. सम्प्रसारण

यण् (य् , व् , र् , ल्) के स्थान पर इक् (इ , उ , ऋ, लृ) के प्रयोग को **सम्प्रसारण** कहते हैं। (इङ्यणः सम्प्रसारणम्), जैसे – यज्-इज् इज्यते, वच्-उच् = उच्यते इत्यादि।

सन्धि

'सन्धि' शब्द का अर्थ है 'मेल'। अत्यन्त समीपता के कारण दो वर्णों के आपस में मिल जाने से जो विकार (परिवर्तन) होता है, उसे सन्धि कहते हैं, यथा – **विद्या** + **आलयः** = **विद्यालयः**। यहाँ पर विद्+ आ + आलयः की अत्यन्त समीपता के कारण दो दीर्घ 'आ' आपस में मिलकर एक 'आ' हो गए। **सन्धि** के मुख्यतया तीन भेद होते हैं –

(1) स्वर सन्धि (अच् सन्धि)

(2) व्यञ्जन सन्धि (हल् सन्धि)

(3) विसर्ग सन्धि

1. स्वर सन्धि

स्वर वर्ण के साथ स्वर वर्ण के मेल को स्वर सन्धि कहते हैं। इसके निम्नलिखित भेद हैं –

1. **दीर्घ सन्धि (अकः सवर्णे दीर्घः)**

- यदि ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ तथा 'ऋ' स्वरों के पश्चात् ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ या ऋ स्वर आएँ तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई, ऊ तथा 'ॠ' हो जाते हैं।

अ/आ + आ/अ = आ, इ/ई + इ/ई = ई

उ/ऊ + ऊ/उ = ऊ, ऋ/ॠ + ऋ /ॠ = ॠ

उदाहरणम् –

पुस्तक	+	आलयः	=	पुस्तकालयः
देव	+	असुरः	=	देवासुरः
दैत्य	+	अरिः	=	दैत्यारिः
च	+	अपि	=	चापि
विद्या	+	अर्थी	=	विद्यार्थी
गिरि	+	इन्द्रः	=	गिरीन्द्रः
कपि	+	ईशः	=	कपीशः
मही	+	ईशः	=	महीशः
नदी	+	ईशः	=	नदीशः
लक्ष्मी	+	ईश्वरः	=	लक्ष्मीश्वरः
सु	+	उक्तिः	=	सूक्तिः
भानु	+	उदयः	=	भानूदयः
पितृ	+	ऋणम्	=	पितृणम्

2. गुण सन्धि (आद् गुणः)

- यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई' आए तो दोनों मिलकर 'ए' हो जाते हैं। इसी तरह यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'उ' या 'ऊ' आए तो दोनों मिलकर 'ओ' हो जाते हैं। इसी तरह 'अ' या 'आ' के बाद यदि 'ऋ' आए तो दोनों मिलकर 'अर्' हो जाते हैं।

उदाहरणम् –

अ/आ + इ/ई = ए, अ/आ + उ/ऊ = ओ

अ/आ + ऋ = अर्

1. उप + इन्द्रः = उपेन्द्रः

देव + इन्द्र = देवेन्द्रः

गण + ईशः = गणेशः

महा + ईशः = महेशः

नर + ईशः = नरेशः

सुर + ईशः = सुरेशः

लता + इव = लतेव

गंगा + इति = गंगेति

2.	भाग्य + उदयः	=	भाग्योदयः
	सूर्य + उदयः	=	सूर्योदयः
	नर + उत्तमः	=	नरोत्तमः
	हित + उपदेशः	=	हितोपदेशः
	महा + उत्सवः	=	महोत्सवः
	गंगा + उदकम्	=	गंगोदकम्
	यथा + उचितम्	=	यथोचितम्
	गंगा + उर्मिः	=	गंगोर्मिः
	महा + ऊरुः	=	महोरुः
	नव + ऊढा	=	नवोढा
3.	देव + ऋषिः	=	देवर्षिः
	ग्रीष्म + ऋतुः	=	ग्रीष्मर्तुः
	महा + ऋषिः	=	महर्षिः
	राजा + ऋषिः	=	राजर्षिः

3. वृद्धि सन्धि (वृद्धिरेचि)

- यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आए तो दोनों मिलकर 'ऐ' हो जाते हैं। इसी तरह 'अ' या 'आ' के बाद 'ओ' या 'औ' आए तो दोनों मिलकर 'औ' हो जाते हैं।

  अ/आ + ए/ऐ = ऐ   अ/आ + ओ/औ = औ

उदाहरणम् –

मम + एव	=	ममैव
एक + एकम्	=	एकैकम्
तव + एव	=	तवैव
अद्य + एव	=	अद्यैव

लता + एव	=	लतैव
तथा + एव	=	तथैव
सदा + एव	=	सदैव
जल + ओघः	=	जलौघः
मम + ओषधिः	=	ममौषधिः
नव + ओषधिः	=	नवौषधिः
महा + ओषधिः	=	महौषधिः
महा + ओघः	=	महौघः
महा + औदार्यम्	=	महौदार्यम्

4. यण सन्धि (इकोयणचि)

- इक् = (इ, उ, ऋ, लृ) को यण् = (य्, व्, र्, ल्) हो जाता है। जब इ, ई, उ, ऊ, ऋ तथा लृ के बाद कोई असमान स्वर आए तो 'इ' को य्, उ को व्, ऋ, को 'र्' तथा 'लृ' को 'ल्' हो जाता है।

उदाहरणम् –

यदि + अपि	=	यद्यपि
इति + आदि	=	इत्यादि
नदी + आवेगः	=	नद्यावेगः
सु + आगतम्	=	स्वागतम्
अनु + अयः	=	अन्वयः
अनु + एषणम्	=	अन्वेषणम्
अति + आचारः	=	अत्याचारः
इति + अवदत्	=	इत्यवदत्
मधु + अरिः	=	मध्वरिः
पितृ + आदेशः	=	पित्रादेशः
पितृ + उपदेशः	=	पित्र्युपदेशः
मातृ + आज्ञा	=	मात्राज्ञा
लृ + आकृतिः	=	लाकृतिः

5. अयादि (एचोऽयवायावः)

- जब ए, ऐ, ओ तथा 'औ' के बाद कोई स्वर आए तो 'ए' को अय्, 'ऐ' को आय्, 'ओ' को अव् तथा 'औ' को आव् हो जाता है। इसे **अयादिचतुष्टय** के नाम से जाना जाता है।

उदाहरणम् –

ने + अनम् = नयनम्

शे + अनम् = शयनम्

नै + अकः = नायकः

भो + अनम् = भवनम्

भानो + ए = भानवे

पौ + अकः = पावकः

नौ + इकः = नाविकः

भौ + उकः = भावुकः

6. पूर्वरूप सन्धि (एङः पदान्तादति)

- पूर्वरूप सन्धि को अयादि सन्धि का अपवाद कहा जा सकता है। पदान्त ए, ओ से आगे यदि ह्रस्व 'अ' आए तो 'अ' का पूर्वरूप हो जाता है। अर्थात् ए-ओ के पश्चात् आने वाला 'अ' अपना रूप ए-ओ में ही (विलीन कर) छुपा देता है। उस विलीन 'अ' का रूप अवग्रह चिह्न (ऽ) द्वारा अंकित किया जाता है, जैसे- हरे + अत्र में हरयत्र होना चाहिए था परन्तु 'अ' 'ए' में समा गया और रूप बना हरेऽत्र।

उदाहरणम् –

गोपालो + अहम् = गोपालोऽहम्

विष्णो + अव = विष्णोऽव

ते	+	अपि	=	तेऽपि
कवे	+	अत्र	=	कवेऽत्र
वृक्षे	+	अपि	=	वृक्षेऽपि
जले	+	अस्ति	=	जलेऽस्ति

प्रकृतिभाव –

1. ईदूदेद्विवचनं प्रगृह्यम्, 2. अदसो मात्

- प्रकृतिभाव या प्रगृह्य का अर्थ है सन्धि करने का निषेध करना अर्थात् प्रकृत वर्णों में विकृति (परिवर्तन) न करके उन्हें ज्यों का त्यों बनाए रखना। इसको प्रकृतिभाव भी कहते हैं। वस्तुतः इसे सन्धि का भेद न कहकर सन्धि का अभाव ही कहना चाहिए क्योंकि सन्धि नियम के लागू होने की स्थिति में भी सन्धि कार्य नहीं होता। यह प्रगृह्य भाव निम्न स्थलों पर होता है।

(क) ईदन्त, ऊदन्त तथा एदन्त द्विवचन रूपों की प्रगृह्य-संज्ञा होती है। ऐसे द्विवचन, जिन के अन्त में ई, ऊ अथवा ए होता है उनकी प्रगृह्यसंज्ञा होती है तथा जिनकी प्रगृह्य संज्ञा होती हैं वहाँ किसी भी प्रकार की सन्धि नहीं होती, यथा –

कवी + इच्छतः, विष्णू + इमौ, लते + आगच्छतः, यहाँ पर कवी, विष्णू, तथा 'लते' ये क्रमशः ईकारान्त, ऊकारान्त तथा एकारान्त द्विवचन के रूप हैं, अतः ये प्रगृह्यसंज्ञक हैं, अतः यहाँ किसी प्रकार की सन्धि नहीं होती।

(ख) **अदस्** शब्द के 'म्' के बाद 'ई' या 'ऊ' आए तो वहाँ पर भी प्रगृह्य संज्ञा होने के कारण सन्धि नहीं होती, यथा – अमी + ईशाः, अमू + आस्ते यहाँ पर 'अमी' तथा 'अमू' प्रगृह्य संज्ञक हैं, अतः किसी भी प्रकार की सन्धि न होगी।

7. पररूप सन्धि

- **(एङिपररूपम्)** उपसर्ग के 'अ' के पश्चात् यदि 'ए' या 'ओ' आए तो उनका पररूप हो जाता है। इस पररूप सन्धि को वृद्धि सन्धि का अपवाद कहा जा सकता है। पररूप कार्य से तात्पर्य है कि जब

पूर्वपद का अन्तिम वर्ण अगले शब्द के आदि वर्ण के समान होकर उसमें मिल जाए, जैसे प्र + एजते = प्रेजते में वृद्धि कार्य प्रैजते होना चाहिए था लेकिन प्र में स्थित अ की स्थिति ए में ही मिल गई अर्थात् अ की अपनी सत्ता ही नहीं बची। अत: प्र + एजते = प्रेजते, उप + ओषति = उपोषति हुआ।

2. व्यञ्जन (हल्) सन्धि

व्यञ्जन वर्ण के साथ व्यञ्जन वर्ण के मेल को व्यञ्जन सन्धि कहते हैं।

(1) श्चुत्व – (स्तोः श्चुना श्चुः)

- 'स्' या 'त' वर्ग (त्, थ्, द्, ध्, न्) का 'श्' या 'चवर्ग' (च्, छ्, ज्, झ्, ञ) के साथ योग होने पर 'स्' को 'श्' तथा 'त' वर्ग का 'च' वर्ग में परिवर्तन हो जाता है।

उदाहरणम् –

(i) मनस् + चलति (स् + च् = श्च्) = मनश्चलति
(ii) रामस् + शेते (स् + श् = श्श्) = रामश्शेते
(iii) मनस् + चंचलम् (स् + च = श्च्) = मनश्चंचलम्

'त' वर्ग को 'च' वर्ग

उदाहरणम् –

सत् + चित् (त् + च् = च्च) = सच्चित्
सत् + चरित्रम् (त् + च् = च्च) = सच्चरित्रम्
उत् + चारणम् (त् + च् = च्च) = उच्चारणम्
सत् + जनः (त् + ज् = ज्ज) = सज्जनः
उत् + ज्वलम् (त् + ज् = ज्ज) = उज्ज्वलम्
जगत् + जननी (त् + ज् = ज्ज) = जगज्जननी

(2) ष्टुत्व = (ष्टुनाष्टुः)

- यदि 'स' या 'त' वर्ग का 'ष' या 'ट' वर्ग (ट, ठ, ड, ढ तथा ण) के साथ (आगे या पीछे) योग हो तो 'स्' को 'ष्' और 'त' वर्ग के स्थान पर टवर्ग हो जाता है।

उदाहरणम् –

रामस् + षष्ठः (स् + ष = ष्ष) = रामष्षष्ठः

हरिस् + टीकते (स् + ट = ष्ट) = हरिष्टीकते

'त' वर्ग को 'ट' वर्ग

उदाहरणम् –

तत् + टीका (त् + ट् = ट्ट) = तट्टीका

यत् + टीका (त् + ट् = ट्ट) = यट्टीका

उत् + डयनम् (त् + ड् = ड्ड) = उड्डयनम्

आकृंष् + तः (ष् + त् = ष्ट) = आकृष्टः

(3) जश्त्व (झलां जशोऽन्ते)

- पद के अन्त में झल् के स्थान पर जश् हो जाता है। झलों में वर्ग का प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ वर्ण तथा श्, ष्, स् तथा ह् कुल 24 वर्ण आते हैं। इस तरह झल् के स्थान पर जश् (ज, ब, ग, ड) होता है। इसके अतिरिक्त वर्ग के प्रथम, द्वितीय तथा चतुर्थ वर्णों के स्थान पर वर्ग का तृतीय वर्ण हो जाता है। ष्, श्, स्, ह् में ष् के स्थान पर 'ड्' आता है। अन्य का उदाहरण प्रायः नहीं मिलता है।

उदाहरणम् –

वाक् + ईशः (क् + स्वर = तृतीय वर्ण ग् + स्वर) = वागीशः

जगत् + ईशः (त् + स्वर = तृतीय वर्ण द् + स्वर) = जगदीशः

सुप् + अन्तः (प् + स्वर = तृतीय वर्ण ब् + स्वर) = सुबन्तः

अच् + अन्तः (च् + स्वर = तृतीय वर्ण ज् + स्वर) = अजन्तः

दिक् + अम्बरः (क् + स्वर = तृतीय वर्ण ग् + स्वर) = दिगम्बरः

दिक् + गजः (क् + ग् = ग्ग्) = दिग्गजः

सत् + धर्मः (त् + ध् = द्ध) = सद्धर्मः

अप् + जम् (प् + ज् = ब्ज्) = अब्जम्

क्रुद्धः, दग्धः, दुग्धम्, बुद्धिः, सिद्धिः आदि पदों में भी इसी प्रकार सन्धि समझना चाहिए।

(4) चर्त्व (खरि च)

- यदि वर्गों (क वर्ग, च वर्ग, ट वर्ग, त वर्ग, तथा प वर्ग) के द्वितीय, तृतीय या चतुर्थ वर्ण के बाद वर्ग का प्रथम, या द्वितीय वर्ण या श्, ष्, स् आए तो पहले आने वाला वर्ण अपने ही वर्ग का प्रथम वर्ण हो जाता है।

उदाहरणम् –

सद् + कारः (द् + क् = त्क्) = सत्कारः

लभ् + स्यते (भ् + स् = प्स्) = लप्स्यते

दिग् + पालः (ग् – प् = क्प्) = दिक्पालः

(5) अनुस्वार (मोऽनुस्वारः)

- यदि किसी पद के अन्त में 'म्' हो तथा उसके बाद कोई व्यञ्जन आए तो 'म्' को अनुस्वार (ं) हो जाता है।

उदाहरणम् –

हरिम् + वन्दे = (ं) हरिं वन्दे

अहम् + गच्छामि = (ं) अहं गच्छामि

(6) परसवर्ण (अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः)

- यदि पद के मध्य अनुस्वार के बाद श्, ष्, स् ह् को छोड़कर कोई भी व्यञ्जन आए तो अनुस्वार के स्थान पर आगे वाले वर्ण का पञ्चम हो जाता है।

उदाहरणम् –

अं + कित: (ं + क् = ङ्क) = अङ्कित:

सं + कल्प: (ं + क् = ङ्क) = सङ्कल्प:

कुं + ठित: (ं + ठ = ण्ठ्) = कुण्ठित:

अं + चित: (ं + च् = ञ्च) = अञ्चित:

(7) लत्व (तोर्लि)

- यदि तवर्ग के बाद 'ल्' आए तो तवर्ग के वर्णों को 'ल्' हो जाता है। किन्तु 'न्' के बाद 'ल्' के आने पर अनुनासिक 'लँ' होता है। 'लँ' का अनुनासिक्य चिन्ह पूर्व वर्ण पर पड़ता है।

उदाहरणम् –

उत् + लङ्घनम् (त् + ल् = ल्लं) = उल्लङ्घनम्

तत् + लीन: (त् + ल् = ल्ल्) = तल्लीन:

उत् + लिखितम् (त् + ल् = ल्ल्) = उल्लिखितम्

उत् + लेख: (त् + ल् = ल्ल्) = उल्लेख:

महान् + लाभ: (न + ल् = ल्ल्) = महॉल्लाभ:

विद्वान् + लिखति (न् + ल् = ल्ल्) = विद्वाँल्लिखति

(8) छत्व (शश्छोऽटि)

- यदि 'श्' के पूर्व पदान्त में किसी वर्ग का प्रथम, द्वितीय, तृतीय अथवा चतुर्थ वर्ण हो या र्, ल्, व् अथवा ह् हो तो श् के स्थान पर 'छ्' हो जाता है।

उदाहरणम् –

एतत् + शोभनम् (त् + श् = च्छ्) = एतच्छोभनम्

तत् + श्रुत्वा = (त् + श् = च्छ्) = तच्छ्रुत्वा

'च्' का आगम् – (छे: च)

- यदि ह्रस्व स्वर के पश्चात् 'छ्' आए तो 'छ्' के पूर्व 'च्' का आगम होता है।

उदाहरणम् –

तरु + छाया (उ + छ् = उ + च् + छ्) = तरुच्छाया

अनु + छेदः (उ + छ् = उ + च् + छ्) = अनुच्छेदः

परि + छेदः (इ + छ् = इ + च् + छ्) = परिच्छेदः

'र्' का लोप तथा पूर्व स्वर का दीर्घ होना (रोरि)

उदाहरणम् –

- यदि 'र्' के बाद 'र्' हो तो पहले 'र्' का लोप हो जाता है तथा उसके पूर्ववर्ती स्वर को दीर्घ हो जाता है।

उदाहरणम् –

स्वर् + राज्यम् (र् + र् = आ + र्) = स्वाराज्यम्

निर् + रोगः (र् + र् = ई + र्) = नीरोगः

निर् + रसः (र् + र् = ई + र्) = नीरसः

न् को ण् होना –

- यदि एक ही शब्द में ऋ, र्, ष् के पश्चात् 'न्' आए तो 'न्' का 'ण्' हो जाता है।

उदाहरणम् –

नरा + नाम् = नराणाम्

ऋषी + नाम् = ऋषीणाम्

3. विसर्ग सन्धि

विसर्ग (:) के पश्चात् स्वर या व्यञ्जन वर्ण के आने पर विसर्ग के स्थान पर होने वाले परिवर्तन को **विसर्ग सन्धि** कहते हैं।

सत्व (विसर्जनीयस्य सः)

- यदि विसर्ग (:) के बाद खर् वर्ण (वर्ग के प्रथम, द्वितीय वर्ण तथा श्, ष्, स् च् या छ्) हो तो विसर्ग का 'स्' हो जाता है। परन्तु यदि विसर्ग (:) के बाद श्, ट् या ठ् हो तो विसर्ग (:) का 'ष्' तथा 'त' या 'थ्' हो तो विसर्ग (:) का 'स्' हो जाता है।

उदाहरणम् –

निः + चलः	=	(: + च = श्च)	निश्चलः
शिरः + छेदः	=	(: + छ = श्छ)	शिरश्छेदः
धनुः + टङ्कार	=	(: + ट = ष्ट)	धनुष्टङ्कारः
नमः + ते	=	(: + त = स्त)	नमस्ते
देवः + तरति	=	(: + त = स्त)	देवस्तरति
इतः + ततः	=	(: + त = स्त)	इतस्ततः

- यदि विसर्ग (:) के पूर्व 'इ' या 'उ' हो तथा बाद में क्, ख् या प्, फ् में से कोई वर्ण हो तो विसर्ग (:) के स्थान पर ष् हो जाता है।

उदाहरणम् –

निः + कपटः	=	(: + क = ष्क)	निष्कपटः
निः + फलः	=	(: + फ = ष्फ)	निष्फलः
दुः + कर्म	=	(: + क = ष्क)	दुष्कर्म

- यदि नमः और पुरः के बाद क्, ख् या प्, फ् आए तो विसर्ग (:) का स् हो जाता है।

नमः + कारः (: + क = स्क) नमस्कारः

पुरः + कारः (: + क = स्क) पुरस्कारः

विसर्ग को उत्व, गुण तथा पूर्वरूप

- यदि विसर्ग (:) से पहले ह्रस्व 'अ' हो तथा उसके पश्चात् भी ह्रस्व 'अ' हो तो विसर्ग को 'उ' उसके बाद गुण तथा पूर्वरूप हो जाता है।

उदाहरणम् –

बालः + अयम्

= बाल् + अ + : + अयम्
= बाल् + अ + उ + अयम् = बाल् + ओ + अयम्
= बालो + अयम् = बालोऽयम्

सः + अवदत् = सोऽवदत्

नृपः + अवदत् = नृपोऽवदत्

प्रथमः + अध्यायः = प्रथमोऽध्यायः

- यदि विसर्ग (:) से पहले अ हो तथा बाद में वर्गों के तृतीय, चतुर्थ एवं पञ्चम वर्ण अथवा य्, र्, ल्, व् या ह्, हो तो विसर्ग के स्थान पर र पुनः र् को उ तदनन्तर उ को गुण होकर 'ओ' हो जाता है।

उदाहरणम् –

तपः + वनम् = तप् + अ + (:) + वनम्

= तप् + अ + र् + वनम्

= तप् + अ + उ + वनम् (र् के स्थान पर उ)

= तप् + ओ + वनम् (अ + उ = ओ)

= तपोवनम्

मनः + रथः = मनोरथः

बालः + गच्छति = बालो गच्छति

रुत्व (: = र्)

- यदि विसर्ग से पहले अ, आ को छोड़कर कोई अन्य स्वर हो तथा बाद में कोई स्वर या घोष व्यञ्जन हो तो विसर्ग (:) के स्थान पर र् हो जाता है।

उदाहरणम् –

मुनिः + अयम्	=	मुन् + इ + : + अयम्
	=	मुन् + इ + र् + अयम्
	=	मुनिरयम्
हरिः + आगच्छति	=	हरिरागच्छति
गुरुः + जयति	=	गुरुर्जयति

संयोगः

- संस्कृत में 'संयोग' एक महत्त्वपूर्ण संज्ञा के रूप में प्राप्त होता है। यह एक पारिभाषिक शब्द है। महर्षि पाणिनि ने अष्टाध्यायी में इसका अर्थ "हलोऽनन्तराः संयोगः" किया है। वस्तुतः स्वर रहित व्यञ्जनों (हल्) के अतीव सामीप्य भाव को संयोग कहते हैं, यथा – महत्त्व में त्, त् तथा व् का संयोग है। इसी प्रकार –

1. रामः उद्यानं गच्छति। उद्यानम् में द् और य् तथा गच्छति में च्, छ् का संयोग है।
2. अयं रामस्य ग्रन्थः अस्ति। रामस्य में स् और य् , ग्रन्थः में ग् + र् तथा न् और थ् तथा अस्ति में स् और त् का संयोग है।

अभ्यासकार्यम् (स्वरसन्धि)

प्र.1. सन्धिं कुरुत –

चन्द्र + उदयः, मातृ + ऋणम्, यदि + अपि, मत + ऐक्यम्, उपरि + उक्तानि, भानु + उदयः भौ + उकः, विष्णो + इह, गङ्गा + इव, यमुना + एव, साधू + उभयत्र

प्र.2. सन्धिविच्छेदं कुरुत –

अन्वेषणम्, तवैव, नद्येषा, नदीव, अत्याचारः, शयनम्, मध्वरिः, केऽपि, अद्यैव, यथोचितम्

प्र.3. यत्र प्रकृतिभाव-सन्धिः अस्ति तत्पदं (✓) इति चिन्हेन चिन्हीकुरुत-

नदी एते ( )

मुनी एतौ ( )

साधू उपरि गच्छतः ( )

मुनी इच्छतः ( )

सभायाम् कवी आगतौ ( )

नदी इयम् वहति ( )

प्र.4. अधोलिखितवाक्येषु स्थूलपदेषु सन्धिविच्छेदं कृत्वा लिखत –

1. **कवीन्द्रः** अद्य नवीनां कवितां श्रावयति।
2. कंसः सर्वेषु **अत्याचारम्** करोति स्म।
3. गंगा गंगेति यो ब्रूयात् योजनानां **शतैरपि** सः पापेभ्यः विमुच्यते।
4. यथा रामः पठति **तथैव** श्यामः पठति।
5. वानराः सर्वत्र **वृक्षेऽपि** कूर्दन्ति।

अभ्यासकार्यम् (व्यञ्जनसन्धि)

प्र.1. सन्धिविच्छेदं कुरुत –

दिगम्बरः, अयं गच्छति, मच्छिरः, जगदीशः, उड्डयनम्, नीरोगः, तल्लीनः, दिग्गजः।

प्र.2. सन्धिं कुरुत –

सत् + जनः, उत् + लेखः, हरिम् + वन्दे, तत् + श्रुत्वा, विद्वान् + लिखति, निर् + रसः, सं + कल्पः।

प्र.3. अधोलिखितवाक्येषु स्थूलपदानां यथापेक्षं सन्धिम् अथवा सन्धिविच्छेदं कृत्वा लिखत –

(i) सर्वे **जगच्छिवानि** कार्याणि कुर्वन्तु।

(ii) यत्पाठे **उत् + लिखितम्** तत् सर्वं पठत।

(iii) **नीरोगः** जनः सुखी भवति।

(iv) कोकिलः **पं + चमे** स्वरे गायति।

(v) सः **तरुच्छायायाम्** पठति।

(vi) मानी **मानम् + न** त्यजति।

अभ्यासकार्यम् (विसर्गसन्धि)

प्र.1. सन्धिं कृत्वा लिखत –

इतः + ततः, दुः + कर्म, शिवः + अवदत्, मुनिः + आगच्छति, छात्रः + अयम्, प्रथमः + अध्यायः, तृतीयः + अवदत्, मनः + रथः।

प्र.2. सन्धिविच्छेदं कृत्वा लिखत –

कीटोऽपि, भोजो नाम, वर्षयोरुपरान्तम्, कैश्चित्, महापुरुषैरपि, धनुष्टङ्कारः, कृष्णोऽयम्, नमस्कारः, शिविर्जयति।

प्र.3. अधोलिखितवाक्येषु स्थूलपदेषु सन्धिविच्छेदं कृत्वा लिखत –

(1) **पितुरिच्छा** वर्तते।

(2) छात्रः **तपोवनम्** गच्छति।

(3) अध्यापकः उत्तमं छात्रं **पुरस्करोति**।

(4) मन्दबुद्धिः सेवकः स्वामिनः **मनस्तापस्य** कारणमभवत्।

(5) **निष्कपटः** जनः शोभते।

(6) **बालो गच्छति**।

अभ्यासकार्यम्

1. **अधोलिखितेषु संयोगं कृत्वा पदनिर्माणं कुरुत –**

त् + र् + आयते = ______

उ + ष् + ण् + अम् = ______

म् + ल् + आनम् = ______

ग् + ल् + आनिः = ______

नि + ष् + क + र् + ष् + अः = ______

2. **रिक्तस्थानानि पूरयत –**

क्लेशः = ______ + ______ + एशः।

स्वभावः = स् + ______ + अभावः।

कर्म = क + र् + ______ + अ।

उच्छ्वासः = उ + ______ + ______ + ______ + आसः।

उल्लासः उ + ______ + ______ + आसः।

- यदि कोई व्यञ्जन (हल्) स्वर से रहित है तो उसे आगे आने वाले स्वर से जोड़ देना चाहिए (अच् हीनं परेण संयोज्यम्), यथा –

सोहनः विद्यालयम् आगच्छति – यहाँ 'विद्यालयम्' का म् स्वर रहित है, अतएव, आगे आने वाले 'आगच्छति' के "आ" स्वर से जोड़ने पर "सोहनः" "**विद्यालयमागच्छति**" रूप बनेगा। इसी प्रकार अहम् ईश्वरम् इच्छामिं **अहमीश्वरमिच्छामि।**

3. **अधोलिखितानि यथापेक्षितं योजयत –**

(i) जननीजनकविहीनम् अनाथम् पश्यामि = ______

(ii) सीता पुस्तकम् अपठत् = ______

(iii) कुरु न त्वम् अनर्थम् = ______

(iv) बालकम् अनाथम् पालय = ______

(v) सर्वम् अहर्निशं मानय = ______

चतुर्थ अध्याय

शब्दरूप (सामान्य परिचय)

वाक्य की सबसे छोटी इकाई को शब्द कहते हैं। शब्दों के अनेक रूप (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि) रूप होते हैं। व्याकरण की भाषा में इन्हें **नाम** कहा जाता है। इस प्रकार किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव (क्रिया) आदि का बोध कराने वाले शब्दों को **संज्ञा** कहते हैं। संस्कृत भाषा में प्रयोग करने के लिए इन शब्दों को 'पद' बनाया जाता है। संज्ञा, सर्वनाम आदि शब्दों को पद बनाने हेतु इनमें कारक विभक्तियाँ लगाई जाती हैं। इन शब्दरूपों (पदों) का प्रयोग (पुल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसक लिङ्ग तथा एकवचन, द्विवचन और बहुवचन में भिन्न-भिन्न रूपों में) होता है। इन्हें सामान्यतया **शब्दरूप** कहा जाता है।

संज्ञा आदि शब्दों में जुड़ने वाली विभक्तियाँ सात होती हैं। इन विभक्तियों के तीनों वचनों (एक, द्वि, बहु) में बनने वाले रूपों के लिए जिन विभक्ति-प्रत्ययों की कल्पना की गई है वे 'सुप्' कहलाते हैं। इनका परिचय इस प्रकार है –

विभक्ति	**एकवचन**	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	सु (स् = :)	औ	जस् (अस्)
द्वितीया	अम्	औट् (औ)	शस् (अस्)
तृतीया	टा (आ)	भ्याम्	भिस् (भिः)
चतुर्थी	ङे (ए)	भ्याम्	भ्यस् (भ्यः)
पञ्चमी	ङस् (अस्)	भ्याम्	भ्यस् (भ्यः)
षष्ठी	ङस् (अस्)	ओस् (ओः)	आम्
सप्तमी	ङि (इ)	ओस् (ओः)	सुप् (सु)

ये प्रत्यय शब्दों के साथ जुड़कर अनेक रूप बनाते हैं।

शब्दों के विभिन्न रूपों में भेद होने के कारण 'संज्ञा' आदि शब्दों को तीन वर्गों में विभक्त किया जा सकता है –

(क) संज्ञा शब्द (विशेषण सहित) (ख) सर्वनाम शब्द (ग) संख्यावाचक शब्द।

संज्ञा शब्दों के अन्त में 'स्वर' अथवा व्यञ्जन होने के कारण इन्हें पुनः दो वर्गों में रखा जा सकता है –

1. स्वरान्त (अजन्त)

स्वरान्त (अजन्त) अर्थात् जिन शब्दों के अन्त में अ, आ, इ, ई आदि स्वर होते हैं उन्हें स्वरान्त कहा जाता है। इनका वर्गीकरण इस प्रकार है – अकारान्त, आकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त, ऊकारान्त, ऋकारान्त, एकारान्त, ओकारान्त तथा औकारान्त आदि।

यथा – बालक, गुरु, कवि, नदी, लता, पितृ, गो आदि।

2. व्यञ्जनान्त (हलन्त)

जिन शब्दों के अन्त में क्, च्, ज्, त् आदि व्यञ्जन होते हैं उन्हें व्यञ्जनान्त कहा जाता है। ङ्, ञ्, म्, य्, इन व्यञ्जनों को छोड़कर प्रायः सभी व्यञ्जनों से अन्त होने वाले शब्द पाए जाते हैं। इनमें भी च्, ज्, त्, द्, ध्, न्, श्, ष्, स् और ह् व्यञ्जनों से अन्त होने वाले शब्द अधिकतर प्रयुक्त होते हैं। अतः इनकी गणना चकारान्त, जकारान्त, तकारान्त, दकारान्त, धकारान्त, नकारान्त, पकारान्त, भकारान्त, रकारान्त, वकारान्त, शकारान्त, षकारान्त, सकारान्त, हकारान्त आदि रूपों में की जाती है, यथा – जलमुच्, भूभृत्, श्रीमत्, जगत्, राजन्, दिश्, पयस् आदि।

यहाँ अकारान्त, पुल्लिङ्ग 'बालक', आकारान्त स्त्रीलिङ्ग 'बालिका', अकारान्त नपुंसकलिङ्ग 'फल' और हलन्त 'राजन्' शब्दों के विभिन्न विभक्तियों में रूप दिए जा रहे हैं –

1. अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'बालक'

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	बालकः	बालकौ	बालकाः
द्वितीया	बालकम्	बालकौ	बालकान्
तृतीया	बालकेन	बालकाभ्याम्	बालकैः

चतुर्थी	बालकाय	बालकाभ्याम्	बालकेभ्य:
पञ्चमी	बालकात्	कालकाभ्याम्	बालकेभ्य:
षष्ठी	बालकस्य	बालकयो:	बालकानाम्
सप्तमी	बालके	बालकयो:	बालकेषु
सम्बोधन	हे बालक!	हे बालकौ!	हे बालका:

वृक्ष, अध्यापक, छात्र, नर, देव आदि सभी अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों के रूप इसी प्रकार होंगे।

2. आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द 'बालिका'

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	बालिका	बालिके	बालिका:
द्वितीया	बालिकाम्	बालिके	बालिका:
तृतीया	बालिकया	बालिकाभ्याम्	बालिकाभि:
चतुर्थी	बालिकायै	बालिकाभ्याम्	बालिकाभ्य:
पञ्चमी	बालिकाया:	बालिकाभ्याम्	बालिकाभ्य:
षष्ठी	बालिकाया:	बालिकयो:	बालिकानाम्
सप्तमी	बालिकायाम्	बालिकयो:	बालिकासु
सम्बोधन	हे बालिके!	हे बालिके!	हे बालिका:!

लता, बाला, विद्या आदि सभी आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के रूप भी इसी प्रकार होंगे।

3. अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द 'फल'

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	फलम्	फले	फलानि
द्वितीया	फलम्	फले	फलानि
तृतीया	फलेन	फलाभ्याम्	फलै:
चतुर्थी	फलाय	फलाभ्याम्	फलेभ्य:

	फलात्	फलाभ्याम्	फलेभ्यः
	फलस्य	फलयोः	फलानाम्
	फले	फलयोः	फलेषु
न	हे फलम्!	हे फले!	हे फलानि!

ो – अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्दों के तृतीया विभक्ति से सप्तमी
त तक के रूप अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों के रूपों की भाँति ही होते हैं।
अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्दों (मित्र, वन, अरण्य, मुख, कमल, पुष्प
के रूप भी इसी प्रकार होंगे।

4. नकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द 'राजन्'

त	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
	राजा	राजानौ	राजानः
	राजानम्	राजानौ	राज्ञः
	राज्ञा	राजभ्याम्	राजभिः
	राज्ञे	राजभ्याम्	राजभ्यः
।	राज्ञः	राजभ्याम्	राजभ्यः
	राज्ञः	राज्ञोः	राज्ञाम्
	राज्ञि, राजनि	राज्ञोः	राजसु
न	हे राजन्!	हे राजानौ!	हे राजानः!

पाठ्यक्रम में निर्धारित अन्य शब्दों के रूप **परिशिष्ट** में दिए गए हैं।
अधोलिखित स्वरान्त, व्यञ्जनान्त एवं सर्वनाम शब्दों के रूप परिशिष्ट में
हैं –

स्वरान्त – लता, मुनि, पति, भूपति, नदी, भानु, धेनु, मधु, पितृ, मातृ, गो, द्यौ, नौ और अक्षि।

व्यञ्जनान्त – भवत्, आत्मन्, विद्वस्, चन्द्रमस्, वाच्, गच्छत्, (शत्रन्त), पुम्, पथिन्, गिर्, अहन् और पयस्।

सर्वनाम – सर्व, यत्, तत्, एतत्, किम्, इदम् (सभी लिङ्गों में) अस्मद्, युष्मद्, अदस्, ईदृश्, कतिपय, उभ और कीदृश्।

धातुरूप (सामान्य परिचय)

जिस शब्द या शब्दांश द्वारा किसी कार्य के करने या होने का बोध हो उसे **क्रिया** कहते हैं। इन्हें संस्कृत में **धातु** कहते हैं, उदाहरणार्थ– रामः पुस्तकं **पठति**। इस वाक्य में राम कर्ता है और उसके द्वारा पुस्तक पढ़ी जाती है। यहाँ 'पठति' 'पद' के द्वारा पढ़ना क्रिया का होना प्रकट होता है। यह क्रिया ही संस्कृत में धातु कहलाती है।

- संस्कृत साहित्य में विभिन्न अर्थों को बताने के लिए अनेक धातुएँ हैं।

इनका विभाजन 10 गणों में किया गया है।.

(1) भ्वादिगण	(6) जुहोत्यादिगण
(2) तुदादिगण	(7) रुधादिगण
(3) दिवादिगण	(8) स्वादिगण
(4) चुरादिगण	(9) तनादिगण
(5) अदादिगण	(10) क्रयादिगण

गणों के नामकरण का आधार उस गण में आने वाली प्रथम धातु है, जैसे – 'भ्वादिगण' का आधार उसमें सर्वप्रथम आनेवाली 'भू' धातु है (भू + आदि) है। 'चुरादिगण' का आधार सर्वप्रथम आने वाली 'चुर्' धातु हैं। इसी प्रकार अन्य गणों का नामकरण भी उनके प्रथम धातु पर ही आधारित है।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक गण में तीन प्रकार की धातुएँ पाई जाती हैं – (क) परस्मैपदी (ख) आत्मनेपदी (ग) उभयपदी

परस्मैपदी धातुओं के वर्तमानकाल में ति, तः अन्ति (पठति, पठतः, पठन्ति) रूप पाया जाता है और आत्मनेपदी धातुओं में 'ते' इते अन्ते (सेवते, सेवेते, सेवन्ते)। पठ्, लिख्, गम् आदि धातुओं के अतिरिक्त कुछ धातुएं आत्मनेपदी ही होती हैं, जैसे – सेव, 'मुद', लभ् आदि। इनके अतिरिक्त कुछ धातुएँ ऐसी भी हैं जो उभयपदी हैं, जिनमें दोनों ही प्रकार के रूप पाए जाते हैं। इनमें 'कृ', 'ब्रू', 'पच्' आदि धातुएँ उल्लिखित की जा सकती हैं।

- काल के आधार पर संस्कृत व्याकरण में दस लकार पाए जाते हैं –

(1) लट्लकार	(6) लोट्लकार
(2) लिट्लकार	(7) लङ्लकार
(3) लुट्लकार	(8) लिङ्लकार (विधिलिङ् + आशीर्लिङ्)
(4) लृट्लकार	(9) लुङ्लकार
(5) लेट्लकार	(10) लृङ्लकार।

1. **लट्लकार** – वर्तमानकाल को व्यक्त करने के लिए लट्लकार का प्रयोग किया जाता है।

   यथा – रामः पाठं **पठति**।

   छात्रः गुरुं **सेवते**।

2. **लिट्लकार** – लिट्लकार का प्रयोग ऐसी घटना का वर्णन करने के लिए होता है जो हमारी आँखों के सामने न घटी हो और ऐतिहासिक भी हो।

   यथा – रामः रावणं **जघान**।

3. **लुट्लकार** – प्रायः होने वाली घटना को व्यक्त करने के लिए लुट्लकार का प्रयोग किया जाता है।

   यथा – श्वः प्रधानमंत्री रूपदेशं **गन्ता**।

4. **लृट्लकार** – भविष्यत् काल की घटनाओं को व्यक्त करने के लिए लृट्लकार का प्रयोग किया जाता है।

   यथा – सः लेखं **लेखिष्यति**।

5. **लेट्लकार** – अनेक कालों तथा अनेक मनोभावों को प्रकट करने वाले इस लकार का प्रयोग वेद में ही पाया जाता है। लौकिक संस्कृत में इसका अभाव है।

6. **लोट्लकार** – आज्ञा देने के भाव को प्रकट करने के लिए लोट्लकार का प्रयोग किया जाता है।
   यथा – सः गृहकार्यं करोतु।
7. **लङ्लकार** – पूर्व घटित घटना को बताने के लिए लङ्लकार का प्रयोग किया जाता है।
   यथा – रामः पाठम् **अपठत्**।
8. **विधिलिङ्** – 'चाहिए', 'करे' आदि भावों को प्रकट करने के लिए विधिलिङ् का प्रयोग किया जाता है।
   यथा – सः लेखं **लिखेत्**।
   इसी का एक भेद आशीर्लिङ् भी है, जिसका प्रयोग आशीर्वाद देने के लिए होता है।
   यथा – त्वं चिरायुः **भूयाः**।
9. **लुङ्लकार** – सामान्यभूत को व्यक्त करने के लिए लुङ्लकार का प्रयोग किया जाता है।
   यथा – पुरा राजा नलः **अभूत्**।
10. **लृङ्लकार** – भाषा में कभी ऐसी स्थिति भी आती है जब किसी एक क्रिया के न होने पर दूसरी क्रिया में सफलता नहीं मिलती। वैसी स्थिति में लृङ्लकार का प्रयोग होता है।
    यथा – यदि वर्षा अभविष्यत् तर्हि दुर्भिक्षं **नाभविष्यत्**।
    उपर्युक्त तीनों लकारों (लङ्, लिट् और लृङ्लकार) का प्रयोग भूतकालिक क्रियाओं को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।
    परस्मैपदी क्रियाओं में लगने वाले 9 (नौ) प्रत्यय हैं जो निम्नलिखित हैं –

पुरुष	**एकवचन**	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथम पु.	तिप्	तस्	झि
मध्यम पु.	सिप्	थस्	थ
उत्तम पु.	मिप्	वस्	मस्

आत्मनेपदी क्रियाओं में भी 9 प्रत्यय होते हैं –

पुरुष	**एकवचन**	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथम पुरुष	त	आताम्	झ
मध्यम पुरुष	थास्	आथाम्	ध्वम्
उत्तम पुरुष	इड्	वहि	महिङ्

अब छात्रों की सुविधा के लिए इन प्रत्ययों के योग से निष्पन्न रूपों का परिचय प्रचलित पाँच लकारों में दिया जा रहा है। इनकी सहायता से छात्रों को धातुरूपों को याद रखने में सहायता मिलती है।

लट्लकार (वर्तमान काल)

	परस्मैपदी क्रिया प्रत्यय			आत्मनेपदी क्रिया प्रत्यय		
	ए.व.	**द्वि.व.**	**ब.व.**	**ए.व.**	**द्वि.व.**	**ब.व.**
प्रथम पु.	ति	तः	अन्ति	ते	इते	अन्ते
मध्यम पु.	सि	थः	थ	से	इथे	ध्वे
उत्तम पु.	मि	वः	मः	इ	वहे	महे

लङ्लकार (भूतकाल)

प्रथम पु.	त्	ताम्	अन्	त	इताम्	अन्त
मध्यम पु.	:	तम्	त	थाः	इथाम्	ध्वम्
उत्तम पु.	अम्	आव	आम	इ	वहि	महि

लृट्लकार (भविष्यत् काल)

प्रथम पु.	स्यति	स्यतः	स्यन्ति	स्यते	स्येते	स्यन्ते
मध्यम पु.	स्यसि	स्यथः	स्यथ	स्यसे	स्येथे	स्यध्वे
उत्तम पु.	स्यामि	स्यावः	स्यामः	स्ये	स्यावहे	स्यामहे

लोट्लकार (आज्ञार्थक)

प्रथम पु.	तु	ताम्	अन्तु	ताम्	इताम्	अन्ताम्
मध्यम पु.	:	तम्	त	स्व	इथाम्	ध्वम्
उत्तम पु.	आनि	आव	आम	ऐ	आवहै	आमहै

विधिलिङ् (चाहिये के योग में)

प्रथम पु.	इत्	इताम्	इयुः	ईत	ईयाताम्	ईरन्
मध्यम पु.	इः	इतम्	इत	ईथाः	ईयाथाम्	ईध्वम्
उत्तम पु.	इयम्	इव	इम	ईय	ईवहि	ईमहि

परस्मैपदी पठ् और आत्मनेपदी सेव् धातुओं के सभी पुरुषों और वचनों में रूप इस प्रकार बनते हैं-

लट्लकार (वर्तमान काल)

प्रथम पु.	पठति	पठतः	पठन्ति	सेवते	सेवते	सेवन्ते
मध्यम पु.	पठसि	पठथः	पठथ	सेवसे	सेवेथे	सेवध्वे
उत्तम पु.	पठामि	पठावः	पठामः	सेवे	सेवावहे	सेवामहे

लङ्लकार (भूतकाल)

प्रथम पु.	अपठत्	अपठताम्	अपठन्	असेवत	असेवेताम्	असेवन्त
मध्यम पु.	अपठः	अपठतम्	अपठथ	असेवथाः	असेवेथाम्	असेवध्वम्
उत्तम पु.	अपठम्	अपठाव	अपठाम	असेवे	असेवावहि	असेवामहि

लृट्लकार (भविष्यत् काल)

प्रथम पु.	पठिष्यति	पठिष्यतः	पठिष्यन्ति	सेविष्यते	सेविष्येते	सेविष्यन्ते
मध्यम पु.	पठिष्यसि	पठिष्यथः	पठिष्यथ	सेविष्यसे	सेविष्येथे	सेविष्यहवे
उत्तम पु.	पठिष्यमि	पठिष्यामवः	पठिष्यामः	सेविष्ये	सेविष्यावहे	सेविष्यामहे

लोट्लकार (आज्ञार्थक)

प्रथम पु.	पठतु	पठताम्	पठन्तु	सेवताम्	सेवेताम्	सेवन्ताम्
मध्यम पु.	पठ	पठतम्	पठत	सेवस्व	सेवेथाम्	सेवध्वम्
उत्तम पु.	पठानि	पठाव	पठाम	सेवै	सेवावहै	सेवामहै

विधिलिङ् (चाहिये के योग में)

प्रथम पु.	पठेत्	पठेताम्	पठेयुः	सेवेत	सेवेयाताम्	सेवेरन्
मध्यम पु.	पठेः	पठेतम्	पठेत	सेवेथाः	सेवेयाथाम्	सेवध्वम्
उत्तम पु.	पठेयम्	पठेव	पठेम	सेवेय	सेवेवहि	सेवेमहि

पाठ्यक्रम में निर्धारित अन्य धातुओं के पाँचों लकारों (लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् और लृट्) सभी पुरुषों और वचनों के रूप परिशिष्ट में दिए गए हैं। उन धातुओं को वहाँ से पढ़ें और समझें।

षष्ठ अध्याय

धातु तथा अन्य पदों से पूर्व प्रयुक्त होकर उनके अर्थ को परिवर्तन करने वाले शब्दांशों को उपसर्ग कहते हैं –

उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते।
प्रहाराहार-संहार-विहार-परिहारवत्॥

उपसर्गों से युक्त होने पर पद का अर्थ बदल जाता है, यथा – हार शब्द का अर्थ है – 'माला' परन्तु जब उसमें 'प्र' उपसर्ग लगता है तो उसका अर्थ होता है – मारना। इसी प्रकार 'आ' उपसर्ग लगने पर 'आहार' बनता है, जिसका अर्थ है – भोजन। इसी प्रकार यदि 'हार' शब्द में 'सम्' उपसर्ग जुड़ता है तो 'संहार' शब्द बनता है जिसका अर्थ है नष्ट करना, परन्तु इसी शब्द में **वि** उपसर्ग लगने पर 'विहार' शब्द बनता है जिसका अर्थ होता है – घूमना-फिरना। इसी तरह परि उपसर्ग जुड़कर 'परिहार' शब्द बनता है जिसका अर्थ होता है – सुधार करना। इस प्रकार हमने देखा कि अलग-अलग उपसर्गों के जुड़ने से शब्दों के अर्थों में परिवर्तन आ जाता है।

उपसर्ग शब्दनिर्माणम् एकस्य पदस्य वाक्यप्रयोगः

1. प्र- **प्रभवति**, प्रकर्षः, प्रयत्नः, प्रतिष्ठा	गङ्गा हिमालयात् **प्रभवति**।
2. परा- **पराजयते**, पराभवति,	सैनिकः शत्रून् **पराजयते**।
3. अप- **अपहरति**, अपकरोति,	चौरः धनम् **अपहरति**।
4. सम्- **संस्करोति**, संगच्छते,	अध्यापकः छात्रम् **संस्करोति**।

5. अनु– **अनुगच्छति**, अनुकरोति	शिष्यः गुरुम् **अनुगच्छति**।
6. अव– **अवगच्छति**, अवतरति, अवजानाति	रामः भवन्तम् **अवगच्छति**।
7. निर्– **निर्गच्छति**, निराकरोति	प्राचार्यः कार्यालयात् **निर्गच्छति**।
8. निस्– निष्कारणम्, **निस्सरति**	सर्पः बिलाद् **निस्सरति**।
9. दुस्– **दुस्त्याज्यः**, दुष्प्रयोजनम्	स्वभावः **दुस्त्याज्यः** भवति।
10. दुर– **दुर्बोध्यः**, दुर्लभः	अयं गूढविषयः **दुर्बोध्यः** अस्ति।
11. वि– **विजयते**, विहरति	धर्मः सदा **विजयते**।
12. आङ्– **आकण्ठम्**, आजीवनम्	**आकण्ठं** जलं पीतम्।
13. नि– **निगदति**, निपतति	पुत्रः पितरं **निगदति**।
14. अधि– **अधिराजते**, अधिशेते	विद्वान् सर्वत्र **अधिराजते**।
15. अति– **अतिवादः**, अत्याचारः	**अतिवादो** न कर्तव्यः।
16. सु– सुपुत्रेण, **सुशोभते**	उद्याने पुष्पाणि **सुशोभन्ते**।
17. उत्– **उड्डीयते**, उत्पतितः	पक्षिणः आकाशे **उड्डीयन्ते**।
18. अभि–अभिगच्छति, **अभ्यागतः**	**अभ्यागतः** सर्वैः सदा पूजनीयः।
19. प्रति– प्रत्युपकार, **प्रत्यवदत्**	पुत्री मातरं **प्रत्यवदत्**।
20. परि– **परित्यजामि**, परिवर्तनम्	अहं दुष्टं **परित्यजामि**।
21. उप– **उपगच्छति**, उपहरति	शिष्यः अध्ययनार्थं गुरुम् **उपगच्छति**।

22. अपि –

अभ्यासकार्यम्

प्र.1. अधोलिखितेषु पदेषु उपसर्गान् धातून् च पृथक् कृत्वा लिखत –

		उपसर्ग	धातु
1.	उत्तिष्ठतु	______	______
2.	निरगच्छन्	______	______
3.	निस्सरतु	______	______
4.	संवदन्ति	______	______
5.	दुर्लभन्ते	______	______
6.	प्रत्यवदत्	______	______
7.	सुशोभावहै	______	______
8.	विशिष्यते	______	______
9.	अन्वकरोत्	______	______
10.	प्रसीदामि	______	______
11.	अवागच्छत्	______	______
12.	उपविशामः	______	______
13.	उत्थास्यामः	______	______
14.	उन्नयनम्	______	______
15.	अपाकुर्वन्	______	______
16.	विजयते	______	______
17.	परितुष्यति	______	______

प्र.2. कोष्ठकात् शुद्धपदं चित्वा रिक्तस्थाने लिखत –

1. हे प्रभो ! मयि ______ । (प्रासीदतु / प्रसीदतु)
2. गुरुः शिष्यस्य अज्ञानम् ______ । (उपहरति / अपहरति)

3. वानरा: जनान् ______________ । (अनुकुर्वन्ति / अन्वकुर्वन्ति)
4. अहं संस्कृतम् ______________ । (अवजानामि / जानामि)
5. ______________ सत्यम् एव वदनीयम्। (आजीवनम् / आजीवन:)
6. अध्यापक: प्रश्नान् पृच्छति छात्रा: ______________। (प्रतिवदन्ति / संवदन्ति)
7. कामात् क्रोध: ______________ । (पराभवति / उद्भवति)
8. सभायाम् विद्वांस: एव ______________ । (सुशोभन्ते / सुशोभन्ति)
9. चौर: रात्रौ धनम् ______________ । (व्यहरत् / अहरत्)
10. माता पुत्र: च परस्परम् ______________ । (प्रतिवदत: / संवदत:)
11. गुरु: आश्रमात् ______________ । (प्रविशति / निर्गच्छति)
12. नागरिका: एव स्वदेशम् ______________ । (उद्नयन्ति / उन्नयन्ति)
13. वयं चलचित्रं द्रष्टुम् अत्र ______________ । (अवागच्छाम / अगच्छाम)
14. माता पुत्रम् ______________ । (संस्करोति / संकरोति)
15. नदी पर्वतात् ______________ । (प्रवहति / उद्भवति)

प्र.3.

1. **हार:, योग:** इति शब्दाभ्याम् सह अधोलिखितान् उपसर्गान् संयोज्य पदनिर्माणं कुरुत –

   उपसर्गा:- आ, वि, प्र, सम्

2. **'भू' हृ,** इति एताभ्याम् धातुभ्याम् प्राक् अधोलिखितान् उपसर्गान् संयोज्य पदानि रचयत –

   उपसर्गा:- प्र, अनु, सम्

संस्कृत के वे शब्द जो सर्वदा एक जैसे ही रहते हैं। (जिनमें विभक्ति, वचन तथा लिङ्ग के आधार पर कोई परिवर्तन नहीं होता है।) उन्हें **अव्यय** कहते हैं।

अव्यय		**अर्थ**
अचिरम्	–	शीघ्र ही
यावत्	–	जब तक
तावत्	–	तब तक
सहसा	–	अचानक
श्वः	–	आनेवाला कल
ह्यः	–	बीता हुआ कल
शनैः शनैः	–	धीरे-धीरे
सम्प्रति	–	इस समय
अत्र	–	यहाँ
अत्यन्तम्	–	बहुत
अग्रे	–	आगे
अथ	–	आरम्भ या इसके बाद
अलम्	–	पर्याप्त, समर्थ
अद्य	–	आज
अथवा	–	या
अधुना	–	अब
अपि	–	भी
अन्यथा	–	नहीं तो

अतः	–	इसलिए
अतीव	–	बहुत अधिक
आम्	–	हाँ
इतस्ततः	–	इधर-उधर
इदानीम्	–	इस समय
इति	–	समाप्त, ऐसा
उच्चैः	–	जोर-जोर से, ऊँचे
एव	–	ही
एकदा	–	एक बार
एवम्	–	इस प्रकार, ऐसे
किम्	–	क्या
किन्तु	–	परन्तु , लेकिन
कदा	–	कब
कुतः	–	कहाँ से
कुत्र	–	कहाँ
च	–	और
अभितः	–	दोनों ओर
परितः	–	चारों ओर
सर्वतः	–	सभी ओर
उभयतः	–	दोनों ओर
चेत्	–	यदि
चिरम्	–	देर से, देर तक
तत्र	–	वहाँ
इतः	–	इधर से, यहाँ से
ततः	–	उसके बाद, वहाँ से
तथापि	–	फिर भी
तदा	–	तब
तर्हि	–	तो
तु	–	तो
तदानीम्	–	तब
तावत्	–	तब तक
तूष्णीम्	–	चुप

दिवा	–	दिन
न	–	नहीं
नीचैः	–	नीचे
नूनम्	–	निश्चय ही
नोचेत्	–	नहीं तो
पुनः	–	फिर
प्रातः	–	सवेरे
पश्चात्	–	बाद
प्रायः	–	अक्सर, ज्यादातर
प्रभृति	–	से, लेकर
परन्तु	–	किन्तु, लेकिन
पुरा	–	पुराने समय में, पहले
सायम्	–	शाम
शीघ्रम्	–	जल्दी
श्वः	–	कल (आने वाला)
सह	–	साथ
स्वयम्	–	अपने आप
सहसा	–	अचानक
स्म	–	था, थी, थे
सर्वत्र	–	सब जगह
सदा	–	हमेशा
अथ किम्	–	और क्या
तथा	–	वैसे
परस्परम्	–	आपस में
बहिः	–	बाहर
बहुधा	–	अक्सर
बाढम्	–	हाँ
मा	–	नहीं
मुहुर्मुहुः	–	बार-बार
यत्	–	कि
यत्र	–	जहाँ
यदि	–	अगर

यद्यपि	–	अगर
यतः	–	क्योंकि
यावत्	–	जब तक
यतः	–	जहाँ से
यदा	–	जब
वा	–	अथवा
विना	–	बिना
वृथा	–	व्यर्थ
शनैः	–	धीरे
सर्वदा	–	नित्य
हि	–	क्योंकि
खलु	–	निश्चय ही
ईषत्	–	थोड़ा
क्व	–	कहाँ
जातु	–	कभी
धिक्	–	धिक्कार
नक्तम्	–	रात
प्रसह्य	–	बलात्
भूयः	–	बार-बार
नमः	–	नमस्कार, प्रणाम
पुरः, पुरस्तात्, पुरतः	–	सामने

वाक्येषु अव्ययपदानां प्रयोगान् पश्यत –

कच्छपः **शनैः शनैः** चलति।

अचिरम् गृहम् गच्छ।

अहम् **श्वः** वाराणसीं गमिष्यामि।

ह्यः मम गृहे उत्सवः आसीत्।

सहसा निर्णयः न करणीयः।

इदानीम् अहं संस्कृतं पठामि।

यद्यपि अद्य अवकाशः अस्ति तथापि अहं कार्यमुक्तः नास्मि।

अथ रामायणकथा आरभ्यते।

अत्र आगच्छ।

अहं **कुत्रापि** न गमिष्यामि।

कुक्कुरः **इतस्ततः** भ्रमति।

यत्र यत्र धूमः **तत्र-तत्र** अग्निः संभाव्यते।

अधुना गल्पं न करणीयम्।

नक्तम् दधि न भुञ्जीत।

कक्षायां **तूष्णीम्** तिष्ठ।

पुरा अशोकः राजा आसीत्।

तौ **परस्परम्** आलपतः।

अद्य प्रभृति अहं धूम्रपानं न करिष्यामि।

शीघ्रं कार्यं समापय **अन्यथा** विलम्बः भविष्यति।

वृथा कलहम् **मा** कुरु।

यदा अहम् गमिष्यामि तदा सः **अत्र** आगमिष्यति।

ईषत् हसित्वा सः तस्य उपहासं कृतवान्।

अहम् त्वाम् **भूयोभूयः** नमामि।

सः **मुहुर्मुहुः** किम् पश्यति ?

अभ्यासकार्यम्

1. **समुचितैः अव्ययैः (मंजूषातः गृहीत्वा) रिक्तस्थानानि पूरयत –**

(i) ______________ सः वनं गतवान्।

(ii) सः ______________ करोति?

(iii) गजः ______________ चलति।

(iv) सः ______________ स्वपिति।

(v) सिंहः ______________ गर्जति।

(vi) सः ______________ विजेष्यते।

(vii) परिश्रमं कुरु, ______________ अनुत्तीर्णः भविष्यसि।

(viii) गृहात् ______________ मा गच्छ।

(ix) सः ______________ माम् उद्वेजयति।

(x) कोलाहलं ______________ कुरु।

मा, बहिः, मुहुर्मुहुः, अन्यथा, एकदा, शनैः, किम्, चिरम् नूनम्, उच्चैः

2. अधोलिखितेषु वाक्येषु अव्ययपदं चित्वा लिखत –

(i) यावत् परीक्षाकालः नायाति तावत् परिश्रमं कुरु।

(ii) अस्माभिः सर्वदा सत्यं वक्तव्यम्।

(iii) कालः वृथा न यापनीयः।

(iv) अहं सम्प्रति गृहं गन्तुम् इच्छामि।

(v) त्वं कुतः समायातः ?

(vi) अहं श्वः ग्रामं गमिष्यामि।

(vii) तौ परस्परम् आलपतः।

(viii) अद्यप्रभृति अहं धूम्रपानं न करिष्यामि।

(ix) धनं विना जीवनं वृथा भवति।

(x) अथ रामायणकथा आरभ्यते।

3. कोष्ठकेभ्यः शुद्धम् अव्ययपदं चित्वा रिक्तस्थानं पूरयत् –

(i) अहम् ______________ भ्रमणाय गमिष्यामि। (श्वः / ह्यः)

(ii) त्वम् कस्य ______________ गच्छसि? (परितः / पुरतः)

(iii) विद्यालयम् ______________ उद्यानम् अस्ति। (परितः / प्राङ्गणे)

(iv) सः यदा आगमिष्यति ______________ अहं गमिष्यामि।
(तदैव / तथैव)

(v) परिश्रमं कुरु ______________ अनुत्तीर्णः भविष्यसि।
(सर्वथा / अन्यथा)

किसी भी धातु या शब्द के पश्चात् जुड़ने वाले शब्दांशों को **प्रत्यय** कहा जाता है।

- धातुओं में जुड़ने वाले प्रत्ययों को **कृत् प्रत्यय** कहते हैं।
- संज्ञा शब्दों में जुड़ने वाले प्रत्ययों को **तद्धित प्रत्यय** कहते हैं।
- पुल्लिङ्ग से स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए शब्दों में प्रयुक्त होने वाले प्रत्ययों को **स्त्री प्रत्यय** कहते हैं।

(i) कृत् प्रत्यय

- जिन प्रत्ययों को धातुओं में जोड़कर संज्ञा, विशेषण या अव्यय आदि पद बनाए जाते हैं उन्हें कृत् प्रत्यय कहते हैं।

(क) **अव्यय** बनाने के लिए धातुओं में **क्त्वा**, **ल्यप्**, **तुमुन्** प्रत्ययों का योग किया जाता है।

(ख) **धातु से विशेषण** बनाने के लिए **शतृ**, **शानच्**, **तव्यत्**, **अनीयर्**, **यत्** आदि प्रत्ययों का योग किया जाता है ।

(ग) **भूतकालिक क्रिया** के प्रयोग के लिए **क्त**, **क्तवतु** एवं **करना चाहिए** क्रिया के वाचक **तव्यत्**, **अनीयर्** और **यत्** प्रत्यय हैं।

(घ) धातु से संज्ञा बनाने हेतु **तृच्** , **क्तिन्** , **ण्वुल्** , **ल्युट्** आदि प्रत्ययों का योग किया जाता है।

कतिपय प्रमुख कृत् प्रत्ययों का परिचय यहाँ दिया जा रहा है –

क्त्वा प्रत्यय

- वाक्य में मुख्य क्रिया से पूर्व किए गए कार्य में पूर्वकालिक क्रिया को व्यक्त करने के लिए धातु में क्त्वा प्रत्यय का योग किया जाता है।

यथा – मयूरः मेघं दृष्ट्वा नृत्यति। यहाँ दृष्ट्वा में **दृश्** धातु से **क्त्वा** प्रत्यय का योग किया गया है।

उदाहरणम् –

कृ + क्त्वा = **कृत्वा** = करके, कार्य **कृत्वा** गृहं गच्छ।

गम् + क्त्वा = **गत्वा** = जाकर, आपणं **गत्वा** फलं आनय।

नम् + क्त्वा = **नत्वा** = नमन करके, सरस्वतीं देवीं **नत्वा** पाठं पठ।

पा + क्त्वा = **पीत्वा** = पीकर, दुग्धं **पीत्वा** शयनं कुरु।

श्रु + क्त्वा = **श्रुत्वा** = सुनकर, **वार्ताश्रुत्वा** आगतोऽस्मि।

दृश + क्त्वा = **दृष्ट्वा** = देखकर, बहिः**दृष्ट्वा** आगच्छांमि।

हन् + क्त्वा = **हत्वा** = मारकर, रामः रावणं **हत्वा** सीतां प्राप्नोत्।

प्रच्छ् + क्त्वा = **पृष्ट्वा** = पूछकर, गुरुं **पृष्ट्वा** आगच्छामि।

त्यज् + क्त्वा = **त्यक्त्वा** = त्यागकर, सीतां वने **त्यक्त्वा** लक्ष्मणः आगतः।

स्पृश् + क्त्वा = **स्पृष्ट्वा** = छूकर, अपवित्रो जनः माम् **स्पृष्ट्वा** गतः।

ज्ञा + क्त्वा = **ज्ञात्वा** = जानकर, परीक्षाफलं **ज्ञात्वा** सः अति प्रसन्नः अस्ति।

पठ् + क्त्वा = **पठित्वा** = पढ़कर, अहं पुस्तकं **पठित्वा** वदिष्यामि।

पत् + क्त्वा = **पतित्वा** = गिरकर, अश्वः **पतित्वा** उत्थितः।

पूज् + क्त्वा = **पूजयित्वा** = पूजकर, देवीं **पूजयित्वा** मेलापकं गमिष्यामि।

- **क्त्वा** प्रत्ययान्त शब्द अव्यय होते हैं। इनके रूप में परिवर्तन नहीं होता है।

- पूर्वकालिक क्रिया के अर्थ में **ल्यप्** प्रत्यय का भी प्रयोग होता है। जहाँ पर धातु से पूर्व कोई उपसर्ग लगा होता है वहाँ **क्त्वा** के स्थान पर **ल्यप्** प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है। ल्यप् प्रत्ययान्त शब्द भी अव्यय होते हैं। इनके रूप में भी परिवर्तन नहीं होता है।

उदाहरणम् –

प्र + नम् + ल्यप् = **प्रणम्य** = प्रणाम करके।

वि + ज्ञा + ल्यप् = **विज्ञाय** = जानकर, वार्ता **विज्ञाय** आगच्छ।

आ + गम् + ल्यप् = **आगत्य** = आकर, गृहात् **आगत्य** सः पाटलिपुत्रं गतवान्।

आ + दा + ल्यप् = **आदाय** = लाकर, किम् **आदाय** सः समायातः।

वि + स्मृ + ल्यप् = **विस्मृत्य** = भूलकर, पाठं **विस्मृत्य** सः किंकर्तव्यविमूढः अभवत्।

वि + जि + ल्यप् = **विजित्य** = जीतकर, शत्रून् **विजित्य** राजा प्रसन्नः अभवत्।

उत् + डी + ल्यप् = **उड्डीय** = उड़कर, खगाः **उड्डीय** प्रसन्नाः भवन्ति।

आ + नी +ल्यप् = **आनीय** = लाकर, शिष्यः शुल्कम् **आनीय** गुरवे दत्तवान्।

उप + कृ + ल्यप् = **उपकृत्य** = उपकार करके, सज्जनाः **उपकृत्य** विस्मरन्ति।

प्र + आप् + ल्यप् = **प्राप्य** = प्राप्त करके, छात्रः परिक्षाफलं **प्राप्य** प्रसन्नः जातः।

प्र + दा + ल्यप् = **प्रदाय** = देकर, निर्धनेभ्यः धनं प्रदाय धनिकः गतः।

सं +स्पृश् +ल्यप् = **संस्पृश्य** = स्पर्श करके, पितुः चरणं **संस्पृश्य** सः आशीर्वादं प्राप्तवान्।

उत् + तृ + ल्यप् = **उत्तीर्य** = उत्तीर्ण करके, दशमकक्षाम् **उत्तीर्य** सः उच्चविद्यालये प्रवेशमलभत्।

तुमुन् (तुम्) – (निमित्तार्थक) 'के लिए' अर्थात् 'क्रिया को करने के लिए' इस अर्थ में धातु के साथ तुमुन् प्रत्यय लगता है।

- जब दो क्रिया पदों का कर्ता एक होता है तथा एक क्रिया दूसरी क्रिया का प्रयोजन या निमित्त होती है तो निमित्तार्थक क्रिया पद में **तुमुन्** प्रत्यय होता है।

यथा – सुरेशः **पठितुं** विद्यालयं गच्छति। वाक्य में पढ़ना और जाना दो क्रिया पद हैं जिनमें पढ़ना क्रिया प्रयोजन है। जिसके लिए सुरेश विद्यालय जाता है। अतः **पढ़ना/पठितुम्** में **तुमुन्** प्रत्यय है।

- समय, वेला आदि कालवाची शब्दों के साथ भी **तुमुन्** प्रत्यय होता है।
  यथा – स्नातुं वेलाऽस्ति पठितुं समयोऽस्ति।
- तुमुन् प्रत्ययान्त शब्द भी अव्यय होते हैं। इनका रूप भी नहीं बदलता है।

गम् + तुमुन् = **गन्तुम्** = जाने के लिए, सः गृहं **गन्तुम्** उद्यतः अस्ति।

हन् + तुमुन् = **हन्तुम्** = मारने के लिए, मृगं **हन्तुं** सिंहः समुद्यतः अस्ति।

पा + तुमुन् = **पातुम्** = पीने के लिए, जलं **पातुं** सः नदीं गतवान्।

स्ना + तुमुन् = **स्नातुम्** = स्नान के लिए, सः **स्नातुं** तरणंतालमगच्छत्।

दा + तुमुन् = **दातुम्** = देने के लिए, धानं **दातुं** कः इच्छुकः भवति।

प्रच्छ् + तुमुन् = **प्रष्टुम्** = पूछने के लिए, अर्थं **प्रष्टुं** सः गुरुं प्रति गतः।

दृश् + तुमुन् = **द्रष्टुम्** = देखने के लिए, चित्रं **द्रष्टुं** बालकः आगच्छत्।

हस् + तुमुन् = **हसितुम्** = हंसने के लिए, अहं **हसितुम्** इच्छामि।

खाद् +तुमुन् = **खादितुम** = खाने के लिए, बालकः **खादितुम्** गच्छति।

क्रीड् + तुमुन् = **क्रीडितुम्** = खेलने के लिए, शिशुः **क्रीडितुम्** इच्छति।

भाष् + तुमुन् = **भाषितुम्** = भाषण के लिए, सः **भाषितुम्** उत्थितः।

जीव् + तुमुन् = **जीवितुम्** = जीने के लिए, सर्वे **जीवितुम्** अभिलषन्ति।

कथ् + तुमुन् = **कथयितुम्** = कहने के लिए, कथां **कथयितुं** सः आगच्छत्।

- **शक्** (सकना), **इष्** (चाहना) इत्यादि धातुओं के साथ भी पूर्व क्रिया में **तुमुन् प्रत्यय** का प्रयोग होता है, जैसे – मैं पढ़ सकती हूँ/सकता हूँ या मैं पढ़ना चाहती हूँ/चाहता हूँ, इन वाक्यों में (पढ़ना और सकना) (पढ़ना और चाहना) ये दो-दो क्रियाएँ हैं अतः पढ़ना क्रिया में तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग होता है, यथा –

(i) अहम् **पठितुं शक्नोमि**
(ii) अहम **पठितुम् इच्छामि**
(iii) बालकः **तर्तुं शक्नोति**
(iv) सा **गातुं शक्नोति**
(v) त्वं किं **कर्तुं शक्नोसि**
(vi) ते चलितुं **न शक्नुवन्ति**
(vii) वयं **धावितुं न शक्नुमः**

- तुमुन् का प्रयोग करते हुए इच्छुक अर्थ वाले संज्ञा पद – गन्तुकामः, पठितुकामः, बद्धुकामः, चलितुकामः, लिखितुकामा, हसितुकामा, वक्तुकामा इत्यादि।

अभ्यासकार्यम्

प्र.1. प्रत्ययं संयोज्य वियुज्य वा पदनिर्माणं कुरुत –

(i) दृश् + क्त्वा = ____________
(ii) प्रणम्य = ____________
(iii) उपविश्य = ____________
(iv) सोढुम् = ____________
(v) सह् + क्त्वा = ____________
(vi) आ + नी + ल्यप् = ____________

प्र.2. अधोलिखितवाक्येषु कोष्ठके प्रदत्तधातुषु क्त्वा/ल्यप् प्रयोगेण रिक्तस्थानानि पूरयत –

यथा – सः पुस्तकम् <u>आदाय</u> (आ + दा + ल्यप्) गच्छति।
सः पुस्तकं <u>दत्त्वा</u> (दा + क्त्वा) क्रीडति।

(i) रामः कन्दुकम् ____________ (आ + नी) क्रीडति।
(ii) श्यामः कन्दुकम् ________ (नी) गच्छति।
(iii) रामः ________ (रुद्) श्यामम् अनुधावति।
(iv) श्यामः ________ (वि + हस्) कन्दुकम् ददाति।
(v) रामः कन्दुकम् ________ (प्र + आप्) पुनः प्रसन्नः भवति।

प्र.3. उदाहरणमनुसृत्य अधोलिखितवाक्यानाम् स्थूलपदेभ्यः प्रत्ययान् वियुज्य लिखत –

यथा – बालक: गुरुं **नत्वा** गच्छति **नम् + क्त्वा**

(i) स: अत्र **आगत्य** पठति।

(ii) त्वं कुत्र **गत्वा** क्रीडसि।

(iii) बालक: **विहस्य** वदति।

(iv) त्वं पुस्तकं **क्रेतुम्** गच्छसि।

(v) छात्र **पठितुं** विद्यालयं गच्छति।

(vi) नायक: निर्देशकं **द्रष्टुं** गच्छति।

प्र.4. क्त्वा प्रत्ययस्य प्रयोगेण वाक्यानि संयोजयत –

यथा – बालिका उद्यानं गच्छति। बालिका क्रीडिष्यति।

बालिका उद्यानं गत्वा क्रीडिष्यति।

(i) अहम् विद्यालयं गच्छामि। अहं विद्यालये पठिष्यामि।

(ii) सीता पुस्तकं पठति। सा ज्ञानं प्राप्स्यति।

(iii) स: आपणं गच्छति। स: पुस्तकं क्रेष्यति।

(iv) रमेश: पुस्तकालयमगच्छत्। स: समाचारपत्रं पठति।

(v) देवदत्त: पाकशालामगच्छत्। स: भोजनं करोति।

प्र.5. तुमुन्प्रत्ययस्य योगेन वाक्यानि संयोजयत –

यथा – बालिका क्रीडिष्यति। सा उद्यानं गच्छति।

बालिका क्रीडितुं उद्यानं गच्छति

(i) अहम् पठिष्यामि। अत: पुस्तकं क्रीणामि।

(ii) बालिका परीक्षायाम् उत्तमानि अङ्कानि प्राप्स्यति। सा परिश्रमेण पठति।

(iii) निशा क्रीडिष्यति। सा आपणात् कन्दुकमानयति।

(iv) माता भोजनं पचति। सा शाकमानयत्।

(v) आचार्य: पाठयति। स: कक्षामगच्छत्।

शतृ-शानच् प्रत्यय

- एक कार्य को करते हुए जब (साथ ही साथ) अन्य कार्य भी किया जा रहा हो तो **करता हुआ/करती हुई, चलता हुआ/चलती हुई, पढ़ता हुआ/पढ़ती हुई** इत्यादि अर्थों को बताने के लिए परस्मैपदी धातुओं में **शतृ प्रत्यय तथा** आत्मनेपदी धातुओं में **शानच् प्रत्यय** का प्रयोग किया जाता है।
- **शतृ** के 'श्' और 'अ' का लोप होकर धातु में **अत्** जुड़ता है। तथा **शानच्** के श् को 'म्' आदेश और 'च' का लोप होकर धातु के साथ **मान** जुड़ता है।
- शतृ-शानच् प्रत्ययों से बने हुए शब्द विशेषण रूप में प्रयुक्त होते हैं। अतः इनके रूप तीनों लिङ्गों में चलते हैं।

उदाहरणम् –

		पु.	**स्त्री.**	**नपु.**
पठ् + शतृ (अत्)	–	पठन्	पठन्ती	पठत्
लिख् + शतृ	–	लिखन्	लिखन्ती	लिखत्
हस् + शतृ	–	हसन्	हसन्ती	हसत्
सेव् + शानच् (मान)	–	सेवमानः	सेवमाना	सेवमानम्
मुद् + शानच्	–	मोदमानः	मोदमाना	मोदमानम्
वृत् + शानच्	–	वर्तमानः	वर्तमाना	वर्तमानम्

- वाक्य में प्रयोग करते हुए शतृ शानच् प्रत्ययान्त शब्दों में उसी लिङ्ग, विभक्ति और वचन का प्रयोग होता है जिस लिङ्ग, विभक्ति तथा वचन का विशेष्य होता है।

यथा – पिता **गच्छन्तं पुत्रं** भोजनाय कथयति।

इस वाक्य में पिता **किस प्रकार के पुत्र** को भोजन के लिए कह रहा है। इसके **उत्तर में जाते हुए पुत्र** को है। अतः **पुत्रम्** के विशेषण रूप में **गच्छत्** शब्द में भी **द्वितीया विभक्ति** का प्रयोग होकर **गच्छन्तम्** पद बना।

इसी प्रकार अन्य वाक्य भी समझे जा सकते हैं।

यथा –

(i) **गच्छन्तीभिः बालाभिः** मार्गे कपोताः दृष्टाः।
(ii) माता **सेवमानाय पुत्राय** आशीर्वादं ददाति।
(iii) **मोदमानस्य जनस्य** प्रसन्नतायाः किं कारणमस्ति?
(iv) **सः** उच्चैः **पश्यन** पतति।
(v) **चलन्ती बालिका** मार्गं पृच्छति।
(vi) **सा** कं **पश्यन्ती** गच्छति?

				पु.	**स्त्री.**	**नपुं.**
गम् + शतृ	=	गच्छत्	जाता हुआ	गच्छन्	गच्छन्ती	गच्छत्
दृश् + शतृ	=	पश्यत्	देखता हुआ	पश्यन्	पश्यन्ती	पश्यत्
दा + शतृ	=	ददत्	देता हुआ	यच्छन्	यच्छन्ती	यच्छत्
पा + शतृ	=	पिबत्	पीता हुआ	पिबन्	पिबन्ती	पिबत्
भू + शतृ	=	भवत्	होता हुआ	भवन्	भवन्ती	भवत्
पच् + शतृ	=	पचत्	पकाता हुआ	पचन्	पचन्ती	पचत्
प्रच्छ् + शतृ	=	पृच्छत्	पूछता हुआ	पृच्छन्	पृच्छन्ती	पृच्छत्
नी + शतृ	=	नयत्	ले जाता हुआ	नयन्	नयन्ती	नयत्
नृत् + शतृ	=	नृत्यत्	नाचता हुआ	नृत्यन्	नृत्यन्ती	नृत्यत्
चुर् + शतृ	=	चोरयत्	चुराता हुआ	चोरयन्	चोरयन्ती	चोरयत्
गण् + शतृ	=	गणयत्	गिनता हुआ	गणयन्	गणयन्ती	गणयत्
मिल् + शतृ	=	मिलत्	मिलता हुआ	मिलन्	मिलन्ती	मिलत्
यज् + शतृ	=	यजत्	यजन करता हुआ	यजन्	यजन्ती	यजत्
पाल् + शतृ	=	पालयत्	पालन करता हुआ	पालयन्	पालयन्ती	पालयत्
गृह् + शतृ	=	गृह्णत्	ग्रहण करता हुआ	गृह्णन्	गृह्णन्ती	गृह्णत्

शानच् (आन, मान)

उदाहरणम् –

	पु.	स्त्री.	नपुं.
यज् + शानच् = यजमान, यजन करता हुआ	यजमान:	यजमाना	यजमानम्
लभ् + शानच् = लभमान, प्राप्त करता हुआ	लभमान:	लभमाना	लभमानम्
सह् + शानच् = सहमान, सहन करता हुआ	सहमान:	सहमाना	सहमानम्
जन् + शानच् = जायमान, पैदा होता हुआ	जायमान:	जायमाना	जायमानम्
शी + शानच् = शयान, सोता हुआ	शयान:	शयाना	शयानम्
वृधा् + शानच् = वर्धमान, बढ़ता हुआ	वर्धमान:	वर्धमाना	वर्धमानम्

अभ्यासकार्यम्

प्र.1. प्रत्ययान् संयुज्य यथानिर्दिष्टं लिखत –

पठ् + शतृ (पु.) ______

लिख् + शतृ (स्त्री.) ______

सेव् + शानच् (स्त्री.) ______

सह् + शानच् (पु.) ______

वृत् + शानच् (पु.) ______

हस् + शतृ (स्त्री.) ______

प्र.2. यथानिर्दिष्टं परिवर्तनं कृत्वा वाक्यान् पुनः लिखत –

यथा – लिखन बालकः पठति (स्त्रीलिङ्गे)

लिखन्ती बालिका पठति।

(i) क्रीडन् बालकः पतति। (स्त्रीलिङ्गे)

(ii) उपविशन् छात्रः हसति। (स्त्रीलिङ्गे)

(iii) धावन्ती बालिका क्रन्दति। (स्त्रीलिङ्गे)

(iv) सः चलन् खादति। (स्त्रीलिङ्गे)

(v) अहम् नृत्यन् न गायामि । (स्त्रीलिङ्गे)

(vi) त्वम् याचमाना न शोभसे । (पुल्लिङ्गे)

(vii) ते गच्छन्तः वार्ता कुर्वन्ति । (स्त्रीलिङ्गे)

(viii) ते धावन्त्यौ भ्रमतः । (पुल्लिङ्गे)

प्र.3. शतृप्रत्ययान्तस्य अधोलिखितशब्दस्य रूपाणि दृष्ट्वा –

उदाहरणम् – (क) **गच्छत्**

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	गच्छन्	गच्छन्तौ	गच्छन्तः
द्वितीया	गच्छन्तम्	गच्छन्तौ	गच्छतः
तृतीया	गच्छता	गच्छद्भ्याम्	गच्छद्भिः
चतुर्थी	गच्छते	गच्छद्भ्याम्	गच्छद्भ्यः
पञ्चमी	गच्छतः	गच्छद्भ्याम्	गच्छद्भ्यः
षष्ठी	गच्छतः	गच्छतोः	गच्छताम्
सप्तमी	गच्छति	गच्छतोः	गच्छत्सु
सम्बोधन	हे गच्छन्!	हे गच्छन्तौ!	हे गच्छन्तः!

(i) **पठत्, लिखत्** शब्दानाम् रूपाणि लिखत –

यथा – (ख) **गच्छन्ती**

	एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
प्रथमा	गच्छन्ती	गच्छन्त्यौ	गच्छन्त्यः
द्वितीया	गच्छन्तीम्	गच्छन्त्यौ	गच्छन्तीः
तृतीया	गच्छन्त्या	गच्छन्तीभ्याम्	गच्छन्तीभिः

चतुर्थी	गच्छन्त्यै	गच्छन्तीभ्याम्	गच्छन्तीभ्य:
पञ्चमी	गच्छन्त्या:	गच्छन्तीभ्याम्	गच्छन्तीभ्य:
षष्ठी	गच्छन्त्या:	गच्छन्त्यो:	गच्छन्तीनाम्
सप्तमी	गच्छन्त्याम्	गच्छन्त्यो:	गच्छन्तीषु
सम्बोधन	हे गच्छन्ति	हे गच्छन्त्यौ	हे गच्छन्त्य:

(ii) **लिखन्ती, पठन्ती** शब्दानाम् रूपाणि लिखत –

प्र.4. कोष्ठके प्रदत्तशब्दानाम् उचितप्रयोगेण रिक्तस्थानानि पूरयत –

(i) ____________ बालिकाया: पुस्तकम् कुत्र अस्ति? (पठन्ती)

(ii) ____________ शिष्याम् आचार्या किंचिद् वदति। (हसन्ती)

(iii) ____________ छात्रै: हस्यते। (गच्छत्)

(iv) ____________ कलिकानाम् सौन्दर्यं अपूर्वं वर्तते। (विकसन्ती)

(v) ____________ बालकाय वस्त्रं दीयते। (याचत्)

प्र.5. उदाहरणमनुसृत्य शतृशानच् प्रत्ययौ प्रयुज्य वाक्यानि संयोजयत –

यथा – बालिका गच्छति/सा क्रीडति।

गच्छन्ती बालिका क्रीडति

(i) बालक: पठति। स: पाठं स्मरति।

(ii) शिशु: चलति। स: हसति।

(iii) रमा पठति। / सा लिखति।

(iv) साधु: उपदिशति। / स: ज्ञानवार्तां करोति।

(v) याचक: याचते। / स: मार्गे चलति।

भूतकालिक क्त (त) क्तवतु

- भूतकालिक क्रिया के अर्थ में धातु से क्त एवं क्तवतु प्रत्यय का योग किया जाता है।

कुछ धातुओं के क्त-क्तवतु प्रत्यययुक्त पद निम्नलिखित हैं –

उदाहरणम् –

		पु.	स्त्री.	नपुं.
गम् + क्त	=	गतः	गता	गतम्
कृ + क्त	=	कृतः	कृता	कृतम्
पा + क्त	=	पीतः	पीता	पीतम्
श्रु + क्त	=	श्रुतः	श्रुता	श्रुतम्
क्री + क्त	=	क्रीतः	क्रीता	क्रीतम्
भक्ष + क्त	=	भक्षितः	भक्षिता	भक्षितम्
इष् + क्त	=	इष्टः	इष्टा	इष्टम्
सेव् + क्त	=	सेवितः	सेविता	सेवितम्
दृश् + क्त	=	दृष्टः	दृष्टा	दृष्टम्
त्रस् + क्त	=	त्रस्तः	त्रस्ता	त्रस्तम्

क्तवतु प्रत्यय

उदाहरणम् –

		पु.	स्त्री.	नपुं.
गम् + क्तवतु	=	गतवान्	गतवती	गतवत्
कृ + क्तवतु	=	कृतवान्	कृतवती	कृतवत्
पा + क्तवतु	=	पीतवान्	पीतवती	पीतवत्
श्रु + क्तवतु	=	श्रुतवान्	श्रुतवती	श्रुतवत्
क्री + क्तवतु	=	क्रीतवान्	क्रीतवती	क्रीतवत्
भक्ष् + क्तवतु	=	भक्षितवान्	भक्षितवती	भक्षितवत्
इष् + क्तवतु	=	इष्टवान्	इष्टवती	इष्टवत्
सेव् + क्तवतु	=	सेवितवान्	सेवितवती	सेवितवत्
दृश् + क्तवतु	=	दृष्टवान्	दृष्टवती	दृष्टवत्
क्षिप् + क्तवतु	=	क्षिप्तवान्	क्षिप्तवती	क्षिप्तवत्
ग्रह् + क्तवतु	=	गृहीतवान्	गृहीतवती	गृहीतवत्
चिन्त् + क्तवतु	=	चिन्तितवान्	चिन्तितवती	चिन्तितवत्
चुर् + क्तवतु	=	चोरितवान्	चोरितवती	चोरितवत्
ज्ञा + क्तवतु	=	ज्ञातवान्	ज्ञातवती	ज्ञातवत्

- क्तवतु प्रत्ययान्त शब्दों के रूप भी तीनों लिङ्गों में चलते हैं।
- क्तवतु प्रत्ययों के प्रयोग का छात्रोपयोगी लाभ यह है कि वाक्य में क्रिया को पुरुषानुसार नहीं बदलना पड़ता–

यथा – रामः अगच्छत् – रामः गतवान्

रमा अगच्छत् – रमा गतवती

अहम् अगच्छम् – अहम् गतवान् / गतवती

त्वम् अगच्छः – त्वम् गतवान् / गतवती

क्तवतु प्रत्ययान्त शब्दों के रूप पुल्लिङ्ग में **बलवत्** स्त्रीलिङ्ग में **नदी** तथा नपुंसकलिङ्ग में **जगत्** के समान चलते हैं।

पु. – **गतवान् गन्तवन्तौ गतवन्तः**

(इत्यादिप्रकारेण सभी विभक्तियों में)

स्त्री. – **गतवती गतवत्यौ गतवत्यः**

(इत्यादिप्रकारेण सभी विभक्तियों में)

नपुं. – **गतवत् गतवती गतवन्ति**

(इत्यादिप्रकारेण सभी विभक्तियों में)

यथा –

छात्रः गतवान्। छात्रा गतवती।

छात्रौ गतवन्तौ। छात्रे गतवत्यौ।

बालाः गतवन्तः। बालिकाः गतवत्यः।

मित्रम् गतवत्।

मित्रे गतवती।

मित्राणि गतवन्ति।

- क्त प्रत्यययुक्त क्रिया के प्रयोग में कर्ता प्रायः तृतीयान्त तथा कर्म प्रथमान्त होता है। क्रिया के लिङ्ग वचन भी कर्म के अनुसार होते हैं।

यथा – रामेण घटः पूरितः।

रमया घटः पूरितः।

तेन पुस्तकं पठितम्

तया पुस्तकानि पठितानि

मित्रेण भोजनं कृतम्

छात्रैः कथा पठिता

आचार्यैः छात्राः पाठिताः

- क्त प्रत्यययुक्त शब्दों का प्रयोग जब भूतकालिक विशेषण के रूप में होता है तब क्त प्रत्ययान्त शब्द में लिङ्ग , विभक्ति एवं वचन का प्रयोग विशेष्य के अनुसार होता है।

यथा –

छात्रः **पठितं पाठं** गृहे पुनः पुनः पठति।

छात्रः कक्षायां **पठितान् पाठान्** गृहे स्मरति।

बालः **पठितां हास्यकथां** स्मृत्वा हसति।

आचार्यः **पठितानां पाठानां** पुनरावृत्तिम् कर्तुं कथयति।

- क्त प्रत्ययान्त शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में होते हैं। ये पुल्लिङ्ग में **'राम'** स्त्रीलिङ्ग में **रमा** तथा नपुंसकलिङ्ग में **फलम्** के समान होते हैं।

यथा – **पु.** – पठितः पठितौ पठिताः

स्त्री. – पठिता पठिते पठिताः

नपुं – पठितम् पठिते पठितानि

- जाना, चलना इत्यादि अर्थ की धातुओं, अकर्मक धातुओं तथा श्लिष्, शी, स्था, आस्, वन्, जन्, सह् इत्यादि धातुओं से क्त प्रत्यय कर्तृवाच्य में भी होता है अर्थात् इन धातुओं का वाक्य में अकर्मक प्रयोग होने पर क्त प्रत्यय का प्रयोग होते हुए भी कर्त्ता में प्रथमा का प्रयोग भी किया जा सकता है।

यथा –

तेन गतम् / सः गतः

तेन सुप्तम् / सः सुप्तः

सः ग्रामं प्राप्तः

सः गृहं गतः

सः वृक्षमारूढः

हरिः वैकुण्ठमधिष्ठितः।

- क्त प्रत्यययुक्त क्रिया के प्रयोग में कर्ता प्रायः तृतीयान्त तथा कर्म प्रथमान्त होता है। क्रिया के लिङ्ग एवं वचन भी कर्म के अनुसार होते हैं।
- क्त प्रत्यययुक्त शब्दों का प्रयोग जब भूतकालिक विशेषण के रूप में होता है तब क्त प्रत्ययान्त शब्द में लिंङ्ग, वचन एवं विभक्ति का प्रयोग विशेष्य के अनुसार होता है।

अभ्यासकार्यम्

प्र.1. क्त क्तवतुप्रत्ययसंयोजनेन पदानि रचयित्वा वाक्यपूर्तिं कुरुत –

(i) बालकेन ______________ (हस् + क्त)

(ii) बालकः ______________ (हस् + क्तवतु)

(iii) शिक्षकेण छात्रः पठनाय ______________ (कथ् + क्त)

(iv) शिक्षकाः छात्रान् पठनाय ______________ (कथ् + क्तवतु)

(v) पुत्री पितरम् पुस्तकम् ______________ (याच् + क्तवतु)

(vi) माता सुतायै भोजनं ______________ (दा + क्तवतु)

(vii) मम जनकेन भिक्षुकाय रूप्यकाणि ______________ (दा + क्त)

(viii) छात्रेण ऋषेः ज्ञानोपदेशः ______________ (श्रु + क्त)

प्र.2. स्तम्भयोः यथोचितं योजयत –

अ	ब
अहम् जलम्	पठितानि
सा पुस्तकम्	पचितवन्तः
त्वम् पाठम्	पीतवान् / पीतवती
मया पुस्तकानि	पठितवती
यूयम् भोजनं	लिखितवान्

प्र.3. उदाहरणमनुसृत्य भूतकालिक्रियाणां स्थाने क्तवतुप्रत्ययप्रयोगेण वाक्यपरिवर्तनं कुरुत –

यथा – अध्यापकः उदण्डं छात्रम् अदण्डयत्.
अध्यापकः उदण्डं छात्रं दण्डितवान्।

(i) छात्रः कक्षायाम् उच्चैः अहसत्।
(ii) माता भोजनम् अपचत्।
(iii) काकः घटे पाषाणखण्डानि अक्षिपत्।
(iv) छात्राः बसयानस्य प्रतीक्षायाम् अतिष्ठन्।
(v) कन्याः उद्याने अक्रीडन्।

प्र.4. उदाहरणमनुसृत्य भूतकालिकक्रियाणां स्थाने क्तप्रत्ययप्रयोगेण वाक्यपरिवर्तनं कुरुत –

यथा – अध्यापकः छात्रम् पठनाय अकथयत्
अध्यापकेन छात्रः पठनाय कथितः

(i) वानरः मकराय जम्बूफलानि अयच्छत्।
(ii) मकरः वानरं गृहं चलितुम् अकथयत्।
(iii) नकुलः सर्पम् अमारयत्।
(iv) श्यामः लेखम् अलिखत्।
(v) रमा कथाम् अपठत्।

प्र.5. उदाहरणमनुसृत्य अशुद्धवाक्यान् शुद्धीकृत्य लिखत –

यथा – बालकेन जलं पीतवान् (i) बालकः जलं पीतवान्
(ii) बालकेन जलं पीतम्।

(i) मोहनेन पुस्तकं नीतवान्। ____________________
(ii) गीता पाठम् पठितम्। ____________________
(iii) आचार्येण शिष्यः उपदिष्टवान्। ____________________
(iv) कन्या गृहे क्रीडितम्। ____________________
(v) सः भोजनम् कृतम्। ____________________

तव्यत् (तव्य) तथा अनीयर् (अनीय)

- 'चाहिए' या योग्य अर्थों में धातु में तव्यत् (तव्य) तथा अनीयर् (अनीय) प्रत्ययों का योग किया जाता है।

गम् + तव्यत्	=	गन्तव्यम्
पठ् + तव्यत्	=	पठितव्यम्
हस् + तव्यत्	=	हसितव्यम्
रक्ष् + तव्यत्	=	रक्षितव्यम्
जि + तव्यत्	=	जेतव्यम्
दा + तव्यत्	=	दातव्यम्
कृ + तव्यत्	=	कर्तव्यम्
चुर् + तव्यत्	=	चोरयितव्यम्
दृश् + तव्यत्	=	द्रष्टव्यम्
स्मृ + तव्यत्	=	स्मर्तव्यम्
गम + अनीयर्	=	गमनीयम्
पठ् + अनीयर्	=	पठनीयम्
हस् + अनीयर्	=	हसनीयम्
रक्ष् + अनीयर्	=	रक्षणीयम्
जि + अनीयर्	=	जयनीयम्
दा + अनीयर्	=	दानीयम्
कृ + अनीयर्	=	करणीयम्
चुर + अनीयर्	=	चोरणीयम्
दृश् + अनीयर्	=	दर्शनीयम्
स्मर + अनीयर्	=	स्मरणीयम्
स्ना + अनीयर्	=	स्नानीयम्
श्रु + अनीयर्	=	श्रवणीयम्
लिख् + अनीयर्	=	लेखनीयम्

- वाक्य में तव्यत् तथा अनीयर् प्रत्ययों से युक्त शब्दों के योग में कर्ता तृतीयान्त तथा कर्म प्रथमान्त होता है।
- सकर्मक धातुओं से तव्यत् प्रत्यय लगने पर बने शब्दों के रूप तीनों लिङ्गों में चलते हैं।

यथा – मया ग्रन्थः पठितव्यः   मया पुस्तिका पठितव्या
मया पुस्तकं पठितव्यम्

- इन प्रत्ययों में कर्ता में तृतीया तथा कर्म में प्रथमा का प्रयोग होता है तथा क्रिया कर्म के अनुसार होती है।

यथा – बालकेन पाठः पठितव्यः   बालकेन कथा पठितव्या
बालकेन पुस्तकम् पठितव्यम्

- क्रिया के रूप में इन प्रत्ययों का प्रयोग 'चाहिए' के अर्थ में तथा विशेषण के रूप में इन प्रत्ययों का प्रयोग 'योग्य' के अर्थ में होता है।

यथा – छात्रेण पठितव्यम् पाठं पठितव्यम्।

इस वाक्य में 'पाठम्' से पूर्व प्रयुक्त '**पठितव्यम्**' विशेषण के रूप में है तथा पश्चात् प्रयुक्त **पठितव्यम्** क्रिया रूप में है अतः इसका अर्थ हुआ – छात्र के द्वारा पढ़ने योग्य पाठ को पढ़ा जाना चाहिए।

एवमेव श्रावणीयां कथां श्रावयितव्या।
सुनाने योग्य कहानी सुनानी चाहिए।

यत् प्रत्यय

इस प्रत्यय के तीन रूप दृष्टिगोचर होते हैं – यत्, ण्यत् तथा क्यप्। यद्यपि तीनों प्रत्ययों का 'य' ही शेष रहता है तथा तीनों एक ही अर्थ 'चाहिए' अथवा 'योग्य' के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। परन्तु इनके प्रयोग स्थल भिन्न-भिन्न होते हैं।

यत् – अजन्त धातुओं के साथ यत् प्रत्यय प्रयुक्त होता है और अधिकांशतः धातु के 'इकार' को 'ए' और 'उकार' को ओ और 'अव्' हो जाता है।

उदाहरणम् –

	पुं.	स्त्री.	नपुं.		पुं.	स्त्री.	नपुं.
(i) जि + यत् –	जेयः	जेया,	जेयम्	गै + यत् –	गेयः	गेया,	गेयम्
चि + यत् –	चेयः	चेया,	चेयम्	श्रु + यत् –	श्रव्यः	श्रव्या,	श्रव्यम्
दा + यत् –	देयः	देया,	देयम्	भू + यत् –	भव्यः	भव्या,	भव्यम्
नी + यत् –	नेयः	नेया,	नेयम्	स्था + यत् –	स्थेयः,	स्थेया,	स्थेयम्

ण्यत् – ऋकारान्त तथा हलन्त धातुओं से परे 'चाहिए' तथा 'योग्य' अर्थ को बताने के लिए ण्यत् प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है और ण्यत् से पूर्व ऋ की वृद्धि हो जाती है। हलन्त धातु की उपधा में यदि अ हो उसे दीर्घ हो जाता है। इनके रूप तीनों लिङ्गों में चलते हैं।

उदाहरणम् –

		पु.	स्त्री.	नपुं.
स्मृ + ण्यत् (य)	=	स्मार्यः	स्मार्या	स्मार्यम्
लिख् + ण्यत् (य)	=	लेख्यः	लेख्या	लेख्यम्
पठ् + ण्यत् (य)	=	पाठ्यः	पाठ्या	पाठ्यम्
त्यज् + ण्यत् (य)	=	त्याज्यः	त्याज्या	त्याज्यम्
वच् + ण्यत् (य)	=	वाच्यः	वाच्या	वाच्यम्
कृ + ण्यत् (य)	=	कार्यः	कार्या	कार्यम्
हृ + ण्यत् (य)	=	हार्यः	हार्या	हार्यम्
सेव् + ण्यत् (य)	=	सेव्यः	सेव्या	सेव्यम्
चुर् + ण्यत् (य)	=	चौर्यः	चौर्या	चौर्यम्
ग्रह् + ण्यत् (य)	=	ग्राह्यः	ग्राह्या	ग्राह्यम्

अभ्यासकार्यम्

प्र.1. कोष्ठके दत्तान् प्रकृतिप्रत्ययान् संयोज्य रिक्तस्थानानि पूरयत –

(i) रामस्य चरित्रं सर्वैः ———————— (अनु + कृ + अनीयर्)

(ii) बालैः कन्दुकम् ———————— (क्रीड् + तव्यत्)

(iii) अस्माभिः गुरूपदेशः —————— (श्रु + तव्यत्)

(iv) मया नौका —————— (आ + रुह् + अनीयर्)

(v) कः अत्र आगत्य —————— (लिख् + तव्यत्) लेखं लेखिष्यति?

प्र.2. कृ – कर्तव्य, करणीय इति उदाहरणमनुसृत्य अधोलिखिताभिः धातुभिः द्वे द्वे पदे रचयत –

गम् —————— ——————

स्मृ —————— ——————

नी —————— ——————

दृश् —————— ——————

दा —————— ——————

प्र.3. द्वे स्तम्भे यथोचितं योजयत –

अ	ब
दुग्धम्	रक्षणीयाः
पुस्तकानि	आरोहणीया
ईश्वरः	पातव्यम्
नौका	अध्येतव्याः
वृक्षाः	पठितव्यानि
कथा	स्मरणीयः
ग्रन्थाः	लेखितव्याः
लेखाः	श्रवणीया

प्र.4. यथास्थानं प्रकृतिप्रत्यययोगं विभागं वा कुरुत –

(i) पेयम्।

(ii) दा + यत्।

(iii) सेव्यम्।

(iv) कृ + ण्यत्।

(v) कर्त्तव्यः।

(vi) प्र + आप् + तव्यत्।

(vii) स्मरणीयः।

(viii) दृश् + अनीयर्।

(ix) लेखनीयम्।

(x) प्रच्छ् + तव्यत्।

प्र.5. शुद्धपदेन वाक्यपूर्तिं कुरुत –

(i) जलम् ______________ (पातव्यम्/पीतव्यम्)

(ii) पाठम् ______________ (पठितव्यम्/पठ्तव्यम्)

(iii) शत्रुः ______________ (जेतव्य:/जितव्य)

(iv) असत्यवचनम् ______________ (त्याग्यम्/त्याज्यम्)

(v) जलम् ______________ (त्याग्यम्/त्याज्यम्)

(vi) धनम् ______________ (लभ्यम्/लभियम्)

णिनि (इन्)

- कर्ता अर्थ में ग्रह् आदि धातुओं से णिनि (इन्) प्रत्यय का योग किया जाता है।

गृह् + णिनि = ग्राहिन् = ग्राही

स्था + णिनि = स्थायिन् = स्थायी

कर्तृवाचक (ण्वुल् तथा तृच्)

- कर्ता अर्थ में किसी भी धातु से ण्वुल् (वु) तथा तृच् (तृ) प्रत्ययों का योग किया जाता है। 'वु' को अक् हो जाता है। ण्वुल के लगने पर आदि धातु के स्वर की वृद्धि होती है।

उदाहरणम् –

पच् + ण्वुल् (अक्) = पाचक:

श्रु + ण्वुल् (अक्) = श्रावक:

पठ् + ण्वुल् (अक्) = पाठक:

नृत् + ण्वुल् (अक्) = नर्तक:

लिख् + ण्वुल् (अक्) = लेखक:

सिच् + ण्वुल् (अक्) = सेचक:

प्र + आप् + ण्वुल् (अक्) = प्रापक:

त्रस् + ण्वुल् (अक्) = त्रासक:

नी + ण्वुल् (अक्) = नायक:

गृह + ण्वुल् (अक्) = ग्राहक:

हन् + तृच् = हन्तृ = हन्ता

जि + तृच् = जेतृ	=	जेता
श्रु + तृच् = श्रोतृ	=	श्रोता
नी + तृच् = नेतृ	=	नेता
दा + तृच् = दातृ	=	दाता
कृ + तृच् = कर्तृ	=	कर्ता
कथ् + तृच् = कथयितृ	=	कथयिता
वच् + तृच = वक्तृ	=	वक्ता

क्तिन् (ति)

- भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए धातु के साथ क्तिन् (ति) प्रत्यय का प्रयोग होता है। क्तिन् प्रत्ययान्त शब्द नित्य स्त्रीलिङ्ग होते हैं। इनके रूप 'मति' शब्द के रूपों की भाँति चलते हैं।

श्रु + क्तिन्	=	श्रुतिः
भी + क्तिन्	=	भीतिः
कृ + क्तिन्	=	कृतिः
भज् + क्तिन्	=	भक्तिः
दृश् + क्तिन्	=	दृष्टिः
मन् + क्तिन्	=	मतिः
बुध् + क्तिन्	=	बुद्धिः
वच् + क्तिन्	=	उक्तिः
प्र + आप् + क्तिन्	=	प्राप्तिः
स्तु + क्तिन्	=	स्तुतिः

ल्युट् (यु = अन)

- भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए धातु से ल्युट् (यु = अन) प्रत्यय का योग किया जाता है। इस प्रत्यय के (यु = अन) को धातु के साथ जोड़ा जाता है।

- ल्युट् प्रत्ययान्त शब्द नपुंसकलिङ्ग में होते हैं । इनके रूप 'फल' शब्द के रूपों की तरह चलते हैं।

उदाहरणम् –

भू + ल्युट् (यु = अन)	भवनम्
पा + ल्युट् (यु = अन)	पानम्
श्रू + ल्युट् (यु = अन)	श्रवणम्
गम् + ल्युट् (यु = अन)	गमनम्
पठ् + ल्युट् (यु = अन)	पठनम्
लिख् + ल्युट् (यु = अन)	लेखनम्
दा + ल्युट् (यु = अन)	दानम्
भज् + ल्युट् (यु = अन)	भजनम्
हन् + ल्युट् (यु = अन)	हननम्
ग्रह् + ल्युट् (यु = अन)	ग्रहणम्
यज् + ल्युट् (यु = अन)	यजनम्
गण् + ल्युट् (यु = अन)	गणनम्
पाल् + ल्युट् (यु = अन)	पालनम्
सेव् + ल्युट् (यु = अन)	सेवनम्

अभ्यासकार्यम्

प्र.1. उदाहरणमनुसृत्य पदेषु प्रयुक्तान् प्रकृतिप्रत्ययान् लिखत –

उदाहरणम् – पदम्	प्रकृतिः	प्रत्ययः
गतिः	**गम्**	**क्तिन्**
(i) हसनम्	________	________
(ii) पाठकः	________	________
(iii) खाद्यः	________	________

(iv) दृश्यः ________ ________

(v) मृगी ________ ________

(vi) भक्तिः ________ ________

(vii) सौभाग्यशालिन् ________ ________

(viii) गायिका ________ ________

(ix) नेता ________ ________

(x) तपस्विनी ________ ________

प्र.2. अधोलिखितप्रत्ययानां प्रयोगेण पञ्च, पञ्च पदानि रचयित्वा स्वपुस्तिकासु लिखत – तृच्, क्तिन्, ण्वुल्, ल्युट्, यत्।

प्र.3. अधोलिखितवाक्येषु स्थूलपदेषु कः प्रत्ययः प्रयुक्तः इति कोष्ठकेभ्यः चित्वा लिखत –

(i) सज्जनानाम् **उक्तिः** पालनीया। (ल्युट् / क्तिन्)

(ii) **सेचकः** क्षेत्रं सिञ्चति। (ल्युट् / ण्वुल्)

(iii) **श्रावकः** कथां श्रावयति। (ल्युट् / ण्वुल्)

(iv) भक्तः **भक्तिं** करोति। (ण्वुल् / क्तिन्)

(v) **धनी** धनं प्राप्नोति। (णिनि / क्तिन्)

प्र.4. शुद्धरूपं चित्वा लिखत –

(i) गम् + क्तिन् – गतिः / गमतिः

(ii) दा + तृच् – दातृ / दानी

(iii) नी + ण्वुल् – नाविकः / नायकः

(iv) नृत् + ल्युट् – नर्तकः / नर्तनम्

(v) दृश् + ल्युट् – दृश्यम् / दर्शनम्

(ii) स्त्री प्रत्यय

- पुल्लिङ्ग शब्दों में जिन प्रत्ययों को लगाकर स्त्रीलिङ्ग या स्त्रीवाचक शब्द बनाए जाते हैं, उन्हें स्त्री प्रत्यय कहते हैं।

    1. आ (टाप्, डाप्, चाप्)
    2. ई (ङीप्, ङीष्, ङीन्)

आ

- अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों से स्त्रीलिङ्ग शब्द बनाने के लिए टाप् 'आ' प्रत्यय लगाया जाता है।

अश्व + टाप् (आ)	=	अश्वा
सुत + टाप् (आ)	=	सुता
सरल + टाप् (आ)	=	सरला
प्रथम + टाप् (आ)	=	प्रथमा

- यदि पुल्लिङ्ग शब्द के अंत में अक हो तो 'आ' प्रत्यय लगने पर इक हो जाता है।

उदाहरणम् –

बालक + आ	=	बालिका
मूषक + आ	=	मूषिका
शिक्षक + आ	=	शिक्षिका
साधक + आ	=	साधिका
गायक + आ	=	गायिका
नायक + आ	=	नायिका

(ङीप् , ङीष् , ङीन्) ई

- ऋकारान्त एवं नकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों को स्त्रीलिङ्ग शब्द में बदलने के लिए 'ई' प्रत्यय लगाया जाता है।

उदाहरणम् –

कर्तृ + ई	=	कर्त्री
दातृ + ई	=	दात्री
धातृ + ई	=	धात्री
तपस्विन् + ई	=	तपस्विनी
गुणिन् + ई	=	गुणिनी

- अकारान्त पुल्लिङ्ग शब्दों तथा कतिपय जातिवाचक शब्दों में भी 'ई' प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिङ्ग शब्द बनाया जाता है।

उदाहरणम् –

नद + ई	=	नदी
देव + ई	=	देवी
भयंकर + ई	=	भयंकरी
गोप + ई	=	गोपी
महिष + ई	=	महिषी
शूकर + ई	=	शूकरी
ब्राह्मण + ई	=	ब्राह्मणी
मृग + ई	=	मृगी

- द्विगु समास का अन्तिम शब्द यदि अकारान्त है तो 'ई' प्रत्यय लगता है।

उदाहरणम् –

त्रिलोक + ई	=	त्रिलोकी
पंचवट + ई	=	पंचवटी

- शतृ प्रत्ययान्त शब्दों को स्त्रीलिङ्ग में बदलने के लिए 'ई' प्रत्यय लगता है।

उदाहरणम् –

गच्छत् + ई	=	गच्छन्ती
वदत् + ई	=	वदन्ती
दर्शयत् + ई	=	दर्शयन्ती

- इसके अतिरिक्त भी 'ई' प्रत्यय के योग से स्त्रीलिङ्ग शब्द बनाए जाते हैं।

श्रीमत् + ई = श्रीमती
भवत् + ई = भवती
गतवत् + ई = गतवती

- जाया अर्थ में पुल्लिङ्ग शब्दों से (ङीष्) (ई) प्रत्यय लगाया जाता है –

उदाहरणम् –

इन्द्र + ङीष् = इन्द्राणी
वरुण + ङीष् = वरुणानी
भव + ङीष् = भवानी
मातुल + ङीष् = मातुलानी
रुद्र + ङीष् = रुद्राणी

- कुछ शब्दों से स्त्रीलिङ्ग शब्द बनाने के लिए आ, ई दोनों प्रत्यय लगाए जाते हैं।

उदाहरणम् –

आचार्य, आचार्या, आचार्यानी
उपाध्याय, उपाध्याया, उपाध्यायानी
क्षत्रिय, क्षत्रिया, क्षत्रियाणी

(ति)

- युवन् शब्द से स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए 'ति' प्रत्यय लगाया जाता है।

युवन + ति = युवतिः

अभ्यासकार्यम्

प्र.1. निर्देशानुसारं लिङ्गपरिवर्तनं कुरुत –

बालक (स्त्री) ____________
जप्या (पु.) ____________
प्रथमा (पु.) ____________
साधकः (स्त्री) ____________
आचार्या (पु.) ____________
धातृ (स्त्री) ____________

(iii) तद्धित प्रत्यय

- संज्ञा, विशेषण तथा कृदन्त आदि (प्रातिपदिक) शब्दों के साथ लगकर अर्थ परिवर्तन करने वाले प्रत्ययों को **तद्धित** प्रत्यय कहते हैं।
- तद्धित प्रत्ययान्त शब्दों में कारक विभक्तियाँ लगती हैं।

विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त होने वाले तद्धित प्रत्यय अनेक हैं। कतिपय प्रमुख तद्धित प्रत्ययों का परिचय यहाँ दिया जा रहा है –

मतुप् (मत्)

'वाला' अर्थात् 'इसके पास है' इस अर्थ में स्वरान्त शब्दों से 'मतुप् प्रत्यय' का योग किया जाता है। 'उप्' का लोप होकर शब्दों से केवल 'मत्' जुड़ता है –

उदाहरणम् –

शक्ति + मतुप्	=	शक्तिमत् (**शक्तिमान्**) शक्तिवाला
श्री + मतुप्	=	श्रीमत् (**श्रीमान्**) श्रीवाला
धी + मतुप्	=	धीमत् (**धीमान्**) बुद्धिवाला
बुद्धि + मतुप्	=	बुद्धिमत् (**बुद्धिमान्**) बुद्धिवाला
मधु + मतुप्	=	मधुमत् (**मधुमान्**) मधुवाला
इक्षु + मतुप्	=	इक्षुमत् (**इक्षुमान्**) गन्नेवाला
कीर्ति + मतुप्	=	कीर्तिमत् (**कीर्तिमान्**) कीर्तिवाला

वतुप् (वत्)

- 'वाला' या 'इससे युक्त' अर्थ में अकारान्त तथा अनेक हलन्त शब्दों से 'वतुप्' (वत्) प्रत्यय होता है।
- 'शब्दान्त' या 'उपधा' में अ / आ या म् होने पर मतुप् के स्थान पर 'वतुप्' प्रत्यय लगता है।

उदाहरणम् –

धन + वतुप्	=	धनवत् (**धनवान्**)	धनवाला
बल + वतुप्	=	बलवत् (**बलवान्**)	बलवाला
रूप + वतुप्	=	रूपवत् (**रूपवान्**)	रूपवाला
विद्या + वतुप्	=	विद्यावत् (**विद्यावान्**)	विद्यावाला
गुण + वतुप्	=	गुणवत् (**गुणवान्**)	गुणवाला
लक्ष्मी + वतुप्	=	लक्ष्मीवत् (**लक्ष्मीवान्**)	लक्ष्मीवाला

- मतुप्, वतुप् प्रत्ययों से युक्त शब्दों के रूप पुल्लिङ्ग में **भवत्**, स्त्रीलिङ्ग में **नदी** तथा नपुंसकलिङ्ग में **जगत्** शब्द के समान चलते हैं।

इनि (इन्)

- 'वाला' या 'युक्त' अर्थ में अकारान्त शब्दों से 'इनि' (इन्) प्रत्यय का योग किया जाता है।

उदाहरणम् –

रथ + इनि	=	रथिन् (**रथी**) रथ वाला या रथ से युक्त
दण्ड + इनि	=	दण्डिन् (**दण्डी**) दण्ड वाला या दण्ड से युक्त
बल + इनि	=	बलिन् (**बली**) बलवाला या बल से युक्त
गुण + इनि	=	गुणिन् (**गुणी**) गुणवाला या गुण से युक्त
धन + इनि	=	धनिन् (**धनी**) धनवाला या धन से युक्त

- वाक्यों में इनि प्रत्यय युक्त शब्दों का आवश्यकतानुसार शब्द रूप बना कर प्रयोग किया जाता है।

यथा –

(i) गुणी जनः शोभते। (प्रथमा, एक व.)

(ii) गुणिनः सर्वत्र पूज्यन्ते। (प्रथमा, बहु व.)

(iii) धनिनः अद्यत्वे सुखिनः। (प्रथमा, बहु व.)

(iv) बलिना पुरुषेण सर्वत्र बलस्य प्रयोगः एव क्रियते। (तृतीया, एक व.)

तरप् (तर)

- 'दो' में किसी **एक** का अतिशय प्रकट करने के लिए 'तरप्' प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है –

उदाहरणम् –

श्रेष्ठ + तरप्	=	**श्रेष्ठतरः**	चतुर + तरप्	=	**चतुरतरः**
गुरु + तरप्	=	**गुरुतरः**	दीर्घ + तरप्	=	**दीर्घतरः**
